


दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -83 जबलपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


**सिंधु जल समझौता स्थगित करने का फैसला 3 फेज में होगा, 3 तरह की रणनीति बन रही**

## केंद्र ने कहा- पाकिस्तान को एक बूंद पानी नहीं देंगे



नई दिल्ली (आरएनएस)। पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता स्थगित करने पर शुक्रवार को जल शक्ति मंत्रालय की बैठक हुई। इसे 3 चरणों में पूरा करने का फैसला लिया गया है। बैठक के बाद केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने बताया कि इसे लेकर 3 तरह की रणनीति बना रहे हैं। पाकिस्तान को एक बूंद पानी नहीं मिलेगा। मीटिंग केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के घर पर हुई। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर और जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल शामिल हुए थे। हालांकि 3 चरणों और 3 तरह की रणनीति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद 23 अप्रैल को केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को स्थगित करने का फैसला लिया था।

**उमर अब्दुल्ला बोले- हम कभी सिंधु जल समझौते के पक्ष में नहीं थे**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने श्रीनगर में आज कहा, भारत सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं। जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, हम कभी भी सिंधु जल समझौते के पक्ष में नहीं रहे हैं। हमारा हमेशा से मानना रहा है कि सिंधु जल संधि जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सबसे गलत दस्तावेज है। इससे कश्मीर को नुकसान है।


**भारत की तरफ से पाकिस्तान को भेजा गया लेटर...**

भारत में जलशक्ति सचिव देवश्री मुखर्जी ने गुरुवार देर रात पाकिस्तानी जल संसाधन मंत्रालय के सचिव मुर्तजा को पत्र लिखा। इसमें कहा गया कि यह संधि अच्छे संदर्भ में की गई थी, लेकिन अच्छे रिश्तों के बिना इसे बनाए नहीं रखा जा सकता।

वहीं, पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि के खत्म होने को एक्ट ऑफ वॉर बताया है। पाकिस्तानी सरकार ने कहा- अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है तो इसे एक्ट ऑफ वॉर यानी जंग की तरह माना जाएगा।

**अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से की बात**

## पाकिस्तानियों को खोज-खोज कर निकालें बाहर



नई दिल्ली-(आरएनएस)। भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सभी मौजूदा वीजा रद्द करने के एक दिन बाद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी मुख्यमंत्रियों को पड़ोसी देश के नागरिकों की पहचान करने और उन्हें अपने-अपने राज्यों से तुरंत हटाने का निर्देश दिया। शीर्ष अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद, अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को उन्हें निर्वासित करने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया। अमित शाह इस मुद्दे पर सभी मुख्यमंत्रियों से बात कर रहे हैं और उनसे अपने-अपने राज्यों में सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने और उनकी शीघ्र पाकिस्तान वापसी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने को कह रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमलों के मद्देनजर, भारत ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल तक भारत छोड़ने के लिए कहा। केंद्र ने आगे कहा कि मेडिकल वीजा वाले पाकिस्तानी नागरिकों को अतिरिक्त दो दिन मिलेंगे, लेकिन उन्हें 29 अप्रैल तक देश छोड़ना होगा। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा, पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर सुरक्षा पर कैबिनेट समिति द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में, भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्णय लिया है।

## कश्मीर में आतंकियों के घरों में धमाका

**बाल-बाल बचे जवान... एलओसी पर पाक सेना ने की फायरिंग**

**त्राल और अनंतनाग में लश्कर नेटवर्क पर सेना की बड़ी कार्रवाई, बांदीपोरा में एनकाउंटर जारी**



नई दिल्ली (आरएनएस)। पहलगाम में आतंकी हमले में शामिल आतंकी आसिफ शेख के दक्षिण कश्मीर के मंगनहामा तराल स्थित घर पर सुरक्षाबलों ने दबिश दी। वहां उन्हें बड़ी मात्रा में विस्फोटक रखा मिला। इसके बाद वे बम निरोधक दस्ते को सूचना देने बाहर निकले कि तभी धमाका हो गया। इस घटना में सुरक्षाबल बाल-बाल बच गए।

**एलओसी पर फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब**

इधर आतंकी हमले के बाद बीएसएफ और सेना ने सीमा पर सुरक्षा और कड़ी कर दी है। इस बीच एलओसी के कुछ हिस्सों में पाकिस्तानी सेना ने फायरिंग की है, बदले में भारतीय सुरक्षाबलों ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारतीय सेना पाकिस्तानी सैनिकों की हर हरकत पर नजर रखे हुए है। आतंकी हमले के बाद सेना कश्मीर में अलग-अलग इलाकों में सर्चिंग कर रही है, इसी दौरान बांदीपोरा जिले के कुलनार बाजीपोरा इलाके में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई है। इसमें दो जवानों के घायल होने की सूचना भी है। सुरक्षाबलों का यहां पर आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।

**आतंकियों के घर में छिपे थे विस्फोटक**

त्राल के रहने वाले आतंकी आसिफ शेख और अनंतनाग के बिजबेहरा के आतंकी आदिल ठोकर के घरों में सेना जब सर्च ऑपरेशन कर रही थी, उसी दौरान विस्फोटक सामग्री बरामद हुई। जवानों ने सुरक्षा के लिहाज से पीछे हटना शुरू ही किया था कि जोरदार धमाका हुआ और दोनों घर मलबे में तब्दील हो गए।

**बांदीपोरा में एक आतंकी ढेर, 2 जवान घायल**

इसी बीच बांदीपोरा जिले में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। अब तक एक आतंकी को मार गिराया गया है जबकि दो जवान घायल हुए हैं। सर्च ऑपरेशन सुबह से जारी है और इलाके को घेर कर आतंकियों की तलाश की जा रही है।

**एलओसी पर पाकिस्तान की नापाक हरकत, भारत का मुंहतोड़ जवाब**

शुक्रवार सुबह एलओसी पर पाकिस्तानी सेना ने फायरिंग की, जिसका भारतीय जवानों ने कड़ा जवाब दिया। यह गोलीबारी उन हालातों में हुई है जब भारत ने सिंधु जल समझौते को लेकर पाकिस्तान को सख्त संदेश दे दिया है।

**दूसरे के घर को बुलडोजर से गिराया गया**

पुलिस ने बताया कि मूसा और अली पिछले करीब दो साल से घाटी में सक्रिय हैं। माना जा रहा है कि हमलावरों की संख्या 4-5 थी, जो मंगलवार को बैसरन घाटी के आसपास के घने देवदार के जंगल से निकले और पर्यटकों पर एके-47 राइफलों से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। कुछ जीवित बचे लोगों ने बताया कि सेना की वर्दी पहने आतंकवादियों ने धर्म की पुष्टि के लिए पहचान-पत्रों की जांच की और गैर-मुस्लिमों के रूप में पहचाने जाने वालों को गोली मार दी। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि आतंकवादियों ने घटना के पूरे क्रम को रिकॉर्ड करने के लिए बॉडी कैम और हेलमेट पर कैमरे लगाए हुए थे।

## शहपुरा भिटौनी ऑयल डिपो में पेट्रोल लेकर आ रही 30 रैक वाली ट्रेन के 2 डिब्बे में भीषण आग, मची अफरातफरी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) शहपुरा बिटोनी क्षेत्र स्थित बीपीसीएल पेट्रोलियम डिपो में उस समय हड़कंप मच गया जब पेट्रोल और डीजल से भरे रेलवे रेक में अचानक आग लग गई। यह आग रेलवे ट्रैक पर खड़े दो रैकों में फैल गई, जिनमें अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ मौजूद था। आग इतनी भीषण थी कि पूरे जिले में अलर्ट घोषित कर दिया गया।

सूचना मिलते ही नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर निगम की फायर ब्रिगेड और अग्निशमन दल को रवाना किया। इसके अलावा जिले के अन्य सरकारी संस्थानों से भी फायर टेंडर मौके पर भेजे गए। समाचार लिखे जाने तक आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका था।

**लोगों में मची अफरा-तफरी, घर छोड़कर भागे लोग**

आग की भयावहता का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि आसपास के लोगों ने अपने घर खाली कर दिए और परिवारों के साथ मैदानी इलाकों की ओर पलायन कर गए। कई किलोमीटर दूर से आग और धुएं का गुबार देखा जा रहा है।

यह भी आशंका जताई जा रही है कि अगर टैंकरों में विस्फोट होता है, तो उसका प्रभाव कई किलोमीटर तक पड़ सकता है। इसी डर के कारण क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है।

**प्रशासन की कोशिशें जारी**

फिलहाल घटनास्थल पर अग्निशमन दल की कई टीमें आग पर नियंत्रण पाने में जुटी हैं। प्रशासन द्वारा आसपास के क्षेत्र को खाली कराया जा रहा है और सुरक्षा के सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। स्थिति पर नजर बनाए हुए वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं कि जल्द से जल्द आग पर नियंत्रण पाया जा सके।

**भाजपा पार्षद राजा इकबाल सिंह बने दिल्ली के मेयर**

नई दिल्ली- भाजपा ने शुक्रवार को दो साल के अंतराल के बाद दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) पर फिर से कब्ज़ा कर लिया। इसके साथ ही दिल्ली में ट्रिपल इंजन सरकार हो गई है। भाजपा के उम्मीदवार राजा इकबाल सिंह दिल्ली के नए मेयर चुने गए।

**पहलगाम हमले पर मोहन भागवत का बयान**

## हिंदू कभी धर्म पूछकर नहीं मारते, दिखानी होगी शक्ति



नई दिल्ली-(आरएनएस)। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने निर्दोष नागरिकों से उनके धर्म के बारे में पूछताछ करने के बाद उनकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि एक हिंदू कभी ऐसा कृत्य नहीं करेगा। उन्होंने सरकार से पहलगाम आतंकी हमले पर कड़ी प्रतिक्रिया देने का आग्रह किया, जिसमें 26 लोग, जिनमें 'यादातर पर्यटक थे, बंदूकधारियों द्वारा मारे गए थे। आरएसएस प्रमुख ने मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों से उनका धर्म पूछा गया और उन्हें मार दिया गया। हिंदू ऐसा कभी नहीं करेंगे। भागवत ने कहा कि अभी जो लड़ाई चल रही है, वह संप्रदाय और धर्म के बीच नहीं है। इसका आधार संप्रदाय और धर्म है, बल्कि यह लड़ाई धर्म और %अधर्म% के बीच है। हमारे सैनिकों या हमारे लोगों ने कभी किसी को उसका धर्म पूछकर नहीं मारा। जो कट्टरपंथी लोगों ने लोगों को उनका धर्म पूछकर मारा, हिंदू ऐसा कभी नहीं करेंगे। इसलिए देश को मजबूत होना चाहिए। सभी दुखी हैं, हमारे दिलों में गुस्सा है जैसा कि होना चाहिए, क्योंकि राक्षसों का नाश करने के लिए अपार शक्ति की आवश्यकता होती है।

## मामा की दरिंदगी से सहमी मासूम, 30 रुपए देकर बोला- किसी से मत कहना

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) कोतवाली थाना क्षेत्र से रिश्ते को कलंकित करने वाला मामला सामने आया है। मामा ने दस साल की भांजी का रेप किया। कोतवाली थाने में आरोपी के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि कक्षा पांचवीं में पढ़ने वाली 10 वर्षीय बालिका माता पिता और भाई के साथ माढ़ोताल में रहती है। दम्पती मजदूरी करते हैं। मां बेटी को कोतवाली स्थित अपने मायके छोड़ जाती थी। गत दिवस बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। 55 वर्षीय मामा भांजी को दूसरे मकान में ले गया। आरोपी ने वहां मासूम से बलात्कार किया। मासूम चीखी तो आरोपी ने उसका मुंह दबा दिया। इसके बाद आरोपी उसे तीस रुपए देकर चला गया। डर के मारे बच्ची ने उस समय यह बात किसी को नहीं बताई। रात में मां के लौटने पर मामा की करतूत खोलकर रख दी। जिसके बाद मां-बाप थाने गए और रिपोर्ट दर्ज कराई।

## हर एक भारतीय एकजुट हो,सरकार जो कदम उठाएगी, हम साथ हैं- राहुल गांधी



नई दिल्ली-(आरएनएस)। विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आज जम्मू-कश्मीर दोरे पर हैं। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के घायलों और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से भी उन्होंने श्रीनगर में मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने कहा कि पूरे जम्मू-कश्मीर ने आतंकवादी हमले की निंदा की, राष्ट्र का पूरा समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मैंने कुछ घायलों से मुलाकात की, मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि एकजुट विपक्ष इस कार्रवाई की निंदा करता है; जो भी कार्रवाई की जाएगी हम उसका समर्थन करते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि यह जरूरी है कि सभी भारतीय एकजुट हों, ताकि हम आतंकवादियों और उनके इरादों को परास्त कर सकें। उन्होंने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हर एक भारतीय एकजुट होकर खड़ा हो, साथ खड़ा हो, ताकि हम आतंकवादियों द्वारा की जा रही कोशिशों को परास्त कर सकें। यह देखकर दुख होता है कि कुछ लोग कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों से मेरे भाइयों और बहनों पर हमला कर रहे हैं और मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम सभी एक साथ खड़े हों, एकजुट होकर इस घिनौनी कार्रवाई का मुकाबला करें और आतंकवाद को हमेशा के लिए परास्त करें। कांग्रेस नेता ने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री और एलजी से भी मुलाकात की, और उन्होंने मुझे जो कुछ हुआ उसके बारे में जानकारी दी, और मैंने उन दोनों को आश्वासन दिया कि मेरी पार्टी और मैं उनका पूरा समर्थन करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं यहां यह जानने आया हूं कि क्या हो रहा है और मदद करने आया हूं। जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों ने इस भयानक कार्रवाई की निंदा की है और उन्होंने राष्ट्र का पूरा समर्थन किया है।


## मेधा पाटकर को दिल्ली पुलिस ने किया गिरफ्तार, कोर्ट ने जारी किया था गैर-जमानती वारंट



नई दिल्ली.(आरएनएस)। नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता और सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटेकर को दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया. यह गिरफ्तारी एक डिफेमेशन (मानहानि) मामले में की गई है. कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था. कोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार सुबह मेधा पाटकर को गिरफ्तार कर लिया. कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की. बुधवार को ही अदालत ने मेधा पाटकर के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया. यह कार्रवाई उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मानहानि के मामले में दोषसिद्धि के बाद की गई है. मामला दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने 2001 में दर्ज कराया था.

**रक्षा मंत्री बोले- अमेरिका के कहने पर 30 साल से यह गंदा काम कर रहे**

## पाकिस्तान ने आतंकियों को ट्रेनिंग देने की बात कबूली



इस्लामाबाद-(आरएनएस)। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने माना है कि उनका देश पिछले 30 साल से आतंकवादियों का समर्थन कर रहा है और उन्हें ट्रेनिंग दे रहा है। उन्होंने कहा कि वे अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए यह 'गंदा काम' कर रहे हैं।

ख्वाजा आसिफ ने शुक्रवार को ब्रिटिश अखबार द स्काई को दिए इंटरव्यू में यह बातें कहीं। ब्रिटिश एंकर यल्दा हकीम ने उनसे सवाल पूछा था कि क्या पाकिस्तान आतंकी गुटों की गतिविधियों के लिए जिम्मेदार है? इस पर उन्होंने कहा कि वैश्विक शक्तियों ने अपने हितों के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया।

ख्वाजा आसिफ ने यह भी माना कि आतंकियों का समर्थन करना या ट्रेनिंग देना बड़ी गलती थी। हम इसकी सजा भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा- अगर हम सोवियत यूनियन के खिलाफ जंग में शामिल नहीं होते और और 9/11 के हमलों के बाद जो हालात बने, वो न बनते तो पाकिस्तान का रिकॉर्ड बेदाग होता।

पहलगाम मामले को लेकर ख्वाजा आसिफ ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच शुरू हुआ विवाद दोनों देशों के बीच बड़े जंग का रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि भारत जो भी करेगा, पाकिस्तान उसका जवाब देगा। अगर चीजें गलत हुईं तो इस टकराव का असर खतरनाक हो सकता है।

पाक रक्षा मंत्री ने कहा कि पहलगाम हमले के लिए पाकिस्तान नहीं, बल्कि भारत दोषी है। यदि भारत हमारे खिलाफ कोई एक्शन लेता है, तो पाकिस्तान उसका उसी तरह जवाब देगा।

## आतंकियों की अब खैर नहीं! श्रीनगर में एलजी मनोज सिन्हा से मिले सेना प्रमुख



नई दिल्ली-(आरएनएस)। राजभवन ने बताया कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से न केवल पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के दायरे में लाने के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा है, बल्कि आतंकवाद के बुनियादी ढांचे और उसके पारिस्थितिकी तंत्र को कुचलने के प्रयासों को भी तेज करने को कहा है।

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी आज जम्मू-कश्मीर दौरे पर हैं। उनका यह दौरा पहलगाम आतंकी हमले के बाद हो रहा है। उपेंद्र द्विवेदी ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की है। राजभवन ने बताया कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से न केवल पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के दायरे में लाने के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा है, बल्कि आतंकवाद के बुनियादी ढांचे और उसके पारिस्थितिकी तंत्र को कुचलने के प्रयासों को भी तेज करने को कहा है। चर्चा के दौरान उपराज्यपाल ने कहा कि देश को हमारी सेना, पुलिस और सीएपीएफएस की बहादुरी और पराक्रम पर पूरा भरोसा है और उन्हें पहलगाम आतंकवादी हत्या के अपराधियों, समर्थकों और ओजीडब्ल्यूएस की पहचान करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए और पूरी श्रृंखला का निरंतर तरीके से पीछा करके उन्हें बेअसर करना चाहिए। उपराज्यपाल ने शीर्ष सैन्य अधिकारियों से कहा, पहलगाम आतंकवादी हमले के हर अपराधी और समर्थक, चाहे वह किसी भी स्थान या संबद्धता से जुड़ा हो, की तलाश की जानी चाहिए और उन्हें हमारे नागरिकों के

### आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी के कश्मीर पहुंचते ही पाकिस्तान की उल्टी गिनती शुरू, शहबाज शरीफ ने 2 बार पीएम मोदी को फोन मिलाया?

नई दिल्ली-(आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद अब सरकार एक्शन मोड में है। ऑल पार्टी मीटिंग के बाद कहा जा रहा है कि बहुत जल्द पाकिस्तान पर एक्शन लिया जा सकता है और कार्रवाई हो सकती है। इस बीच एयर फोर्स ने युद्धाभ्यास भी शुरू कर दिया है, जिसका नाम आक्रमण है। पाकिस्तान में क्या चल रहा है और नई दिल्ली की गतिविधियों पर नजर डालेंगे तो आपको पता चल जाएगा कि आने वाले वक्त में क्या हो सकता है। भारत के बारे में बात करें तो सबसे पहले सीसीएस की बैठक हुई और उसके बाद आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी कश्मीर गए हैं। सेना के तीनों अंगों को वॉर रेडी यानी युद्ध के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया है। हमारे नेवल बेस को शिफ्ट करके अरब सागर की तरफ कर दिया गया है। नेवल ब्लॉकेड की तैयारी भारत की तरफ से की गई है।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना रांझी में श्रीमति दीप्ति सिंह ठाकुर उम्र 36 वर्ष निवासी कांचीपुरा कालोनी रांझी ने रात में अपने घर की छत में बैठी थी, उसके पति विष्णु ठाकुर कमरे में नीचे थे, लड़का काम पर गया था, रात लगभग 11 बजे लडका काम से घर वापस आया जिसने कमरे में देखा उसके पति विष्णु ठाकुर उम्र 40 वर्ष पंखे के हुक में प्लास्टिक की रस्सी से फंसी लगाकर खत्म हो गये है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

## पहलगाम आतंकी हमले में दिवंगतों को भाजयुमो ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

# धर्म के नाम पर निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या पीड़ादायक, देश का प्रत्येक युवा आतंक के खिलाफ एकजुट- योगेंद्र सिंह

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय जनता युवा मोर्चा जबलपुर महानगर द्वारा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को मालवीय चौक में विगत दिवस जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर धर्म के आधार पर हुए कायराना आतंकी हमले में दिवंगत नागरिकों को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं मशाल और दीप जलाकर उनके इस बलिदान का बदला लेने का प्रण लिया गया।

इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा कि विगत दिवस पहलगाम में हमारे देश के निर्दोष नागरिकों पर इस्लामिक आतंकवादियों के द्वारा कायरतापूर्ण तरीके से हमला किया गया धर्म पूछकर उनकी नृशंस और दर्दनाक हत्या की गई हमारे मन में इसके प्रति असहनीय पीड़ा है और पाकिस्तान और



इस्लामपरत आतंकवादियों के द्वारा निर्दोष निहत्थे नागरिकों की हत्या का जो अक्षम्य अपराध किया गया है उसका बदला लेने के लिए प्रत्येक युवा व्याकुल है और हमारी देश की सरकार और सेना सुरक्षा बलों से विनती है कि आप खुलकर अब अपनी पूरी ताकत से इनको कुचलने का कार्य करिए देश के अंदर हम भी आपके साथ इस अभियान में सदैव खड़े हैं रक्त की प्रत्येक बूंद का बदला लिया जाएगा और आतंक और उनका सरपरस्तों का नामोनिशान मिटाने का अब समय आ गया है।

आज भाजपा एवं भाजयुमो शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर भाजयुमो जबलपुर के द्वारा दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं मशाल जलाकर आतंक के खात्मे और प्रत्येक लहू का बदला लेने का प्रण किया गया।

दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित करने भाजपा मध्यप्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह,सांसद आशीष दुबे सुमित्रा बाल्मीकि,भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर,विधायक अशोक रोहाणी, डॉ अभिलाष पाण्डेय,अखिलेश जैन सी ए रिंकू विज,पंकज दुबे, हरीश ठाकुर ईशान नायक,शुभम अरिहंत,श्री कांत वर्मा,शरद विश्वकर्मा, अनिकेत रावत,साहिल समुद्रे आदि पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण श्रद्धांजलि अर्पित करने उपस्थित थे।

## जिला समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न चुनाव रणनीति और संगठनात्मक मजबूती पर हुआ मंथन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने जारी विज्ञप्ति में बताया की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार आज दिनांक 25 अप्रैल 2025, शुक्रवार को दोपहर 2:30 बजे, होटल अरिहंत पैलेस, रसल चौक, जबलपुर में जिला समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर कांग्रेस कमेटी के प्रभारी विधायक श्री आर. के. डोंगने, ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के प्रभारी विधायक श्री रजनीश सिंह एवं सह प्रभारी श्री लक्ष्म सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री सौरभ नाटी शर्मा ने की। बैठक में निम्नलिखित विषयों पर व्यापक चर्चा हुई एवं आवश्यक निर्णय लिए गए-

जिला कांग्रेस कार्यालय की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन और उसके समाधान हेतु त्वरित कदम संगठनात्मक अनुशासन को सशक्त करने हेतु दिशा-निर्देश मतदाता सूची प्रभारी की नियुक्ति एवं आगामी कार्ययोजना का निर्धारण घर-घर संपर्क अभियान को जन आंदोलन बनाने की रूपरेखा आगामी विधानसभा चुनावों हेतु ठोस रणनीति का निर्माण सक्रिय कार्यकर्ताओं की भूमिका को मान्यता एवं उनका सम्मान बैठक में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष डॉ नीलेश जैन, प्रभारी विधायक आर के दोगने, प्रभारी विधायक रजनीश सिंह, पूर्व मंत्री व विधायक लखन घनघोरिया सह प्रभारी लक्ष्मण सिंह, पूर्व विधायक संजय यादव, दिनेश यादव विनय सक्सेना, कौशल्या गोटिया, सम्मति सैनी, अभिषेक चौकसे, आलोक मिश्रा, राजेश पटेल, अंजू बघेल, नित्यंजन खंपरिया, श्रीमती कमलेश यादव, श्रीमती विनीता यादव, सतीश तिवारी, विजय रजक, चमन राय, सचिन रजक, विवेक अवस्थी, अमरीश मिश्रा, अतुल बाजपेई, अयोध्या तिवारी, राजेश यादव, रितेश गुप्ता बंटी, आरिफ बेग लखन पटेल, राजेश यादव, अभिषेक यादव, राजेश चौबे, डिक्की जॉन, रविन्द्र कुशवाहा, समर जीत सैनी, रिंकू तिवारी, सतेंद्र गर्ग, मनोज पटेल, संजय श्रीवास्तव, दिलीप राजपूत, विवेक पटेल, संतोष चौकसे, बिहारी पटेल, विनोद पटेल , राज किशोर पटेल, विनोद पटेल, रविन्द्र गौतम ने भाग लिया।

### संत सेन जी महाराज जयंती के अवसर पर समरसता सेवा संगठन द्वारा जयंती समारोह का आयोजन आज

जबलपुर। समरस भारत - समर्थ भारत के लिये सब सबको जाने - सब सबको माने, एक अभियान के अंतर्गत समरसता सेवा संगठन द्वारा संत सेन जी महाराज की जयंती के अवसर पर जयंती समारोह का आयोजन कल 26 अप्रैल 2025 शनिवार को शाम 04:30 बजे से अग्रवाल धर्मशाला, साकेत धाम के पास, ग्वारीघाट में किया गया है। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

# जम्मू कश्मीर से हो आतंकवादियों का समूल खात्मा



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जम्मू कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा धर्म के आधार पर हिन्दू पर्यटकों की नृशंस हत्या से संपूर्ण भारत में आक्रोश है। भारत रक्षा मंच महाकौशल प्रांत द्वारा इस कायराना हमले की घोर निंदा करते हुए महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपकर जम्मू कश्मीर से आतंकवाद की जड़ों को समूल नष्ट कर लोगों की जानमाल की सुरक्षा हेतु समुचित कदम उठाए जाने की मांग की गई है। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री व मध्यक्षेत्र संगठन प्रमुख डॉ. एच. पी. तिवारी, महाकौशल प्रांत के सह संगठन मंत्री जीवेश पांडे, एड.गोविंद विश्वकर्मा, प्रियंक प्रजापति,नीरज जी , सचिन अवस्थी,सूरज वाजपेई,राजेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में मंच के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आतंकवाद के खिलाफ जबलपुर की सड़कों पर नज़र आया जनाक्रौष

# पहलगाम हमला क्रूरता की पराकाष्ठा-कदीर सोनी

तालिब हुसैन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एक तरफ वतन परस्ती का ज बा..तो दूसरी तरफ आतंकवाद के खिलाफ ज़बरदस्त नाराज़गी.. पहले मस्जिद में नमाज-ए-जुमा अदा की..फिर हाथों में तख्तियां लिए सड़कों पर आ गए. शुक्रवार को जबलपुर की अधिकांश मस्जिदों के बाहर ऐसा ही नज़ारा देखा गया. पहलगाम आतंकी हमले से आहत मुस्लिम समाज के लोगों ने जुमे की नमाज़ के बाद मस्जिदों के बाहर आतंकवाद के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया. मंसूराबाद की अलफ़ बेग मस्जिद के बाहर नमाज़ बाद लोगों ने प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद..आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए. वरिष्ठ कांग्रेस नेता व जबलपुर विकास




प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष हाजी मुहम्मद कदीर सोनी ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि सारा देश एकजुट होकर आतंकवाद का हमेशा के खात्मा करे. उन्होंने पहलगाम हमले के दोषियों को सरेराह फांसी दी जाना चाहिए. इमाम हाजी हाफ़िज़ गुलाम मुईनुद्दीन, मुतवल्ली मिर्जा असद बेग,

हाजी अब्दुल सईद, पार्षद याकूब अंसारी, पूर्व पार्षद शाबान मंसूरी, बाबा साबिर जमाली, अशरफ मंसूरी, शादाब अंसारी, तौसीफ़ अहमद सोनी, आमीन सोनी, एड. अहमद सोनी, सबील पहलवान, जमशीद अहमद, अख्तर मंसूरी सहित सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने करीब आधे घण्टे तक नारेबाजी करते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद...हिन्दुस्तान ज़िंदाबाद के नारे लगाए.

सदर में अकबर खान की कयादत में हुआ प्रदर्शन

छावनी क्षेत्र सदर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में पहले जुमे की नमाज़ अदा की गयी. उसके बाद सैंकड़ों नमाज़ियों ने पूर्व मुतवल्ली और कांग्रेस नेता अकबर खान सरवर के नैतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन किया. यहाँ भी प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां ले रखीं थीं.प्रदर्शन के बाद आतंकवाद का पुतला जलाया गया. इस मौके पर शाहरूख, अशफाक कुरैशी लालू, जावेद, वसीम, नावेद, आदि की मौजूदगी उल्लेखनीय रही.

## पशु पक्षियों के लिए गर्मी में दाना पानी का इंतजाम करने अपील



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भीषण गर्मी के दौरान जहां आम जनता की हालत खराब है वहीं पशु-पक्षी भी गर्मी से प्रभावित हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि मनुष्य अपना बचाव करने में सक्षम होते और अपना इंतजाम खुद कर लेते हैं लेकिन मूक पशु पक्षियों के लिए इंतजाम करने की जिम्मेदारी मनुष्यों पर ही होती है। लिहाजा श्री वृहत महाकाली महोत्सव समिति कालीधाम गढ़ा फाटक को अपील की गई है कि आम लोगों कोराहत देनेके लिए जगह-जगह प्याऊ खोले जायें और पशु पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्थाभी की जाये समिति ने कहा कि महाकाली मंदिर के सामने प्याऊ का शुभारंभ किया गया जहाँ सैकड़ों राहगीर प्रतिदिन अपनी प्यास बुझा रहे हैं। समिति ने अपील की है कि अपने-अपने घरों की छतों में पक्षियों के लिए दाना पानी रखें वहीं सार्वजनिक स्थानों पर गऊ माता की सेवा करने हरा चारा और पानी रखा जाये वहीं आवारा मवेशियों के लिए भी पानी का इंतजाम करें। वैशाख माह में इस पुण्य कार्य को करने के लिएसभी सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं से आग्रह किया गया है।

## 02 मई 2025 से नई ट्रेन अमृत भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवा शुरु होगी

**इटारसी, जबलपुर एवं सतना के यात्रियों को मिलेगा लाभ**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल मंत्रालय द्वारा आम यात्रियों को आरामदायक एवं बेहतर सुविधाओं में विस्तार करते हुए नई ट्रेन अमृत भारत एक्सप्रेस एलटीटी-सहरसा साप्ताहिक ट्रेन की नियमित सेवा लोकमान्य तिलक टर्मिनस से शुक्रवार 02 मई 2025 से प्रारम्भ हो रही है। इसी प्रकार नई ट्रेन अमृत भारत एक्सप्रेस सहरसा-एलटीटी साप्ताहिक ट्रेन सहरसा से रविवार 04 मई 2025 से प्रारम्भ हो रही है। यह अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के दोनों दिशाओं में इटारसी, जबलपुर एवं सतना स्टेशनों से होकर गंतव्य को जाएगी। अमृत भारत एक्सप्रेस की नियमित समय सारिणी निम्न है।

गाड़ी संख्या 11015 एलटीटी - सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस साप्ताहिक ट्रेन दिनाँक 02 मई 2025 से प्रत्येक शुक्रवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से दोपहर 12:00 बजे प्रस्थान कर भुसावल रात 19:00 बजे, पहुँचकर इटारसी रात्रि आगमन/प्रस्थान समय (23:45/23:55 बजे), अगले दिन शनिवार जबलपुर आगमन/प्रस्थान समय (03:10/03:20 बजे), सतना आगमन/प्रस्थान समय सुबह (05:50/05:55 बजे), प्रयागराज छिवकी 10:30 बजे और तीसरे दिन रविवार मध्य रात्रि 02:00 बजे सहरसा स्टेशन पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 11016 सहरसा - एलटीटी अमृत भारत एक्सप्रेस साप्ताहिक ट्रेन दिनाँक 04 मई 2025 से प्रत्येक रविवार को सहरसा स्टेशन से भोर 04:20 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज छिवकी सायं 17:15 बजे, सतना आगमन/प्रस्थान समय रात (20:55/21:00 बजे), जबलपुर आगमन/प्रस्थान समय (23:55/00:05 बजे), अगले दिन सोमवार इटारसी आगमन/प्रस्थान समय (03:50/04:00 बजे), भुसावल सुबह 08:05 बजे और सोमवार दोपहर 15:45 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी।

ट्रेन के हाल्ट :- ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, पंडित दिलदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जंक्शन, हाजीपुर जंक्शन, मु ज़फरपुर, समस्तीपुर, हसनपुर रोड जंक्शन, सलौना एवं खगड़िया जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी।

कोच कम्पोजीशन :- अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन में 08 स्लीपर, 11 जनरल, 2 एलएलआरडी एवं 01 पेन्ट्रीकार सहित कुल 22 एलएचबी कोच रहेंगे।

## एनएसई ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति संवेदना जताई, परिजनों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की

मुंबई- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए भीषण आतंकी हमले के पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। इस अमानवीय हमले में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों की सहायता के लिए एनएसई ने 1 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है, जिसके तहत प्रत्येक परिवार को लगभग 4 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे। एनएसई इस दु:ख और संकट के समय देश के साथ खड़ा है। एनएसई के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री आशीषकुमार चौहान ने कहा,यह हमारे देश के लिए सामूहिक शोक का क्षण है। हमारी प्रार्थनाएं और भावनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। हम इस मुश्किल घड़ी में उनके साथ खड़े हैं और हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# जूडो- खिलाड़ियों को मिला मंच, शिविर से निखरेगी प्रतिभा





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर जिला जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, शालेय शिक्षा विभाग, क्रीड़ा भारती महानगर तथा जिला जूडो संघ के संयुक्त तत्वाधान में ग्रीष्मकालीन जूडो प्रशिक्षण शिविर का विधिवत उद्घाटन भीष्म सिंह राजपूत, महासचिव मध्य प्रदेश साइक्लिंग एसोसिएशन के मुख्य अतिथि में, शिशिर तिवारी, सचिव जिला ओलंपिक संघ, उमाशंकर पटेल, वरिष्ठ कुश्ती कोच एवम् विश्वामित्र अवॉर्डी व सत्येंद्र गुरु के विशिष्ट अतिथ्य में तथा राजकुमा मिश्रा, प्राचार्य मालपानी स्कूल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। शिविर के शुभारंभ के पूर्व पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए खिलाड़ियों एवं उपस्थितजनों ने हाथो पे काली पट्टी बांध कर दो मिनट का मौन रखा। उपस्थित अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति की ओर से पौधे देकर किया गया। जिला संघ के सचिव व वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन खान ने बताया कि उपस्थित अतिथियों ने शालेय जिला स्तरीय जूडो स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को शिक्षा विभाग द्वारा किट का वितरण किया गया। श्री खान ने आगे बताया की शिविर के समापन के पश्चात एक जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जवेगा जिससे नवोदित खिलाड़ियों में छिपी प्रतिभा निखर सके। सभी गणमान्य अतिथियों ने अपने विचार साझा करते हुए नवोदित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। जूडो सिर्फ आत्मरक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि एक अनुशासित और लोकप्रिय खेल के रूप में भी उभरकर सामने आया है। खिलाड़ियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी पूरी निष्ठा से भाग लेना चाहिए।कार्यक्रम को सफल बनाने में एडवोकेट अताउर्रेहमान अंसारी, तावेज़ अली, मनीष श्रीवास्तव, साबिर अंसारी,विवेक व्यास आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## जबलपुर से होते हुए कानपुर से बेंगलुरु के मध्य चलेगी स्पेशल ट्रेन

# अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से कानपूर सेन्ट्रल-एसएमवीबी बेंगलुरु-कानपूर सेन्ट्रल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 06-06 ट्रिप रेल प्रशासन द्वारा चलाने का निर्णय लिया गया है। इस गाड़ी में वातानुकूलित एवं शयनयान श्रेणी के कोच रहेंगे। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 04131 कानपूर सेन्ट्रल-एसएमवीबी बेंगलुरु साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 27 अप्रैल से 01 जून 2025 तक प्रत्येक रविवार को कानपूर सेन्ट्रल स्टेशन से रात 19:50 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना मध्यरात्रि 02:50 बजे, कटनी भोर 04:15 बजे, जबलपुर सुबह 05:35 बजे, इटारसी 09:25 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन मंगलवार शाम 18:30 बजे एसएमवीबी बेंगलुरु स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04132 एसएमवीबी बेंगलुरु-कनकपुर सेन्ट्रल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 30 अप्रैल से 04 जून 2025 तक प्रत्येक बुधवार को एसएमवीबी बेंगलुरु स्टेशन से सुबह 07:10 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी दोपहर 12:30 बजे, जबलपुर दोपहर 15:45 बजे, कटनी शाम 17:05 बजे, सतना 18:30 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन शुक्रवार मध्यरात्रि 02:00 बजे कानपूर सेन्ट्रल स्टेशन पहुँचेगी।

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में फतेहपुर, प्रयागराज, शंकरगढ़, मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी नागपुर, बल्लारशाह, सिरपुर कागजनगर, बेल्लमपल्ली, मंचेरियल, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा, चीराला, ओंगोल, नेल्लूर, गुडुर, पेरम्बूर, अरक्कोणम जंक्शन, काटपाडी, जोलारपेट्टई, बांगरपेट एवं कृष्णराजपुरम स्टेशनों पर रुकेगी।

स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।



भोपाल-प्रदेश में 10 मई 2025 ( शनिवार ) को नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी। इसमें बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को ही प्रकरणों में छूट दी जाएगी।

प्रत्येक परिवार में कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराए जाएं- खाद्य प्र-संस्करण इकाईयों जैसी सूक्ष्म गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है आवश्यक-उद्यमिता में प्रदेश को देश के श्रेष्ठतम राज्यों में लाने के लक्ष्य के साथ कार्य करें

# प्रदेश के सभी अंचलों में समान रूप से उद्यमिता का हो विस्तार-मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के माध्यम से प्रत्येक परिवार में कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जा सकते हैं। प्रत्येक जिले की परिस्थिति और उपलब्ध दक्षता के अनुसार गतिविधियों का विस्तार किया जाये। तेल घानी, मसाला-आटा चक्की, कोदो-कुटकी व अन्य मिलेट की प्र-संस्करण इकाई जैसे सूक्ष्म उद्योगों से युवाओं को जोड़ते हुए सम्पूर्ण प्रदेश में समान रूप से उद्यमिता का विस्तार किया जाये। इसमें खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। कृषि उपज मंडियों को भी आधुनिक स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। इसमें दूध, सब्जी आदि को सुरक्षित रखने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, इसकी शुरूआत रतलाम से होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में विभागी मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप, प्रमुख सचिव श्री राघवेन्द्र सिंह, प्रमुख सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकसित भारत-विकसित मध्यप्रदेश की संकल्पना को साकार करने में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की भूमिका महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से सूक्ष्म स्तर पर उद्यमिता को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। इस क्षेत्र में मध्यप्रदेश वर्तमान में देश में 7वें स्थान पर है, अगले वर्ष तक हमें प्रदेश को देश के श्रेष्ठतम राज्यों में स्थान दिलाना है। एमएसएमई के लिए उचित वित्त-व्यवस्था और अधोसंरचना, स्वरोजगार योजनाओं और स्टार्ट-अप ईको सिस्टम को सशक्त करते हुए बेहतर विपणन, निर्यात व ई-कॉमर्स प्लेटफार्म के माध्यम से इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समय-सीमा निर्धारित कर गतिविधियां संचालित की जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष-2025 को उद्योग और रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। दो माह के अंतराल में राज्य के अलग-अलग अंचलों में उद्योग-रोजगार दिवस का आयोजन किया जाए। पॉवरलूम सहित अन्य परम्परागत उत्पादन गतिविधियों को निरंतरता प्रदान करना आवश्यक है। इसी लिये विशेषज्ञों का सहयोग लेकर कौशल उन्नयन तथा तकनीकी दक्षता में सुधार के लिए क्षेत्रीय स्तर पर कैम्प आयोजित किये जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करना जरूरी है। अपनी पहल और नवाचार से सफलतापूर्वक गतिविधियां संचालित करने वाले उद्यमियों को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जाए। इससे अन्य लोग भी प्रेरित होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली में हुए भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम को स्वर्ण पदक से पुरस्कृत होने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में हुए विक्रमोत्सव से क्षेत्रीय स्तर पर व्यापार-व्यवसाय को प्रोत्साहन मिला है। प्रदेश के जिन क्षेत्रों में व्यापार मेले लगाए जा सकते हैं, उसका अध्ययन कर ट्रेड फेयर के लिए समेकित योजना बनाकर गतिविधियां संचालित की जाएं।

बैठक में जानकारी दी गई कि 55 हजार करोड़ रूपए के निवेश से प्रदेश में 17 लाख 55 हजार पंजीकृत एमएसएमई इकाईयां संचालित हैं। इससे 92 लाख से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। प्रदेश में 5 हजार 300 स्टार्ट-अप संचालित हैं, जिसमें से 2500 से अधिक महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। अनुपूरक बजट के माध्यम से प्राप्त 1475 करोड़ रूपए की राशि से एमएसएमई इकाईयों के मार्च 2025 तक के लंबित अनुदानों का निराकरण किया जा चुका है। ग्वालियर व्यापार मेला-2025 में 3 हजार 327 करोड़ रूपए का व्यापार हुआ। निवेशकों को लैण्ड बैंक से अवगत कराने के लिए विभागीय वेबसाइट के माध्यम से जानकारी दी जा रही है, लगभग 1100 से अधिक प्लॉट एक मई से आवंटन के लिए उपलब्ध होंगे। निवेशकों को शासन की नीतियों से अवगत करवाने के लिए जिलेवार कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में विभाग की उपलब्धि लक्ष्य से अधिक रही है। एमएसएमई डे के अवसर पर 27 जून को इंदौर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम पर केन्द्रित भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार सितम्बर माह में भोपाल में स्टार्ट-अप पर केन्द्रित कार्यक्रम आयोजित करने की भी योजना है।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने गोविंदपुरा क्षेत्र के वार्ड-56 में भ्रमण कर सुनीं नागरिकों की समस्याएं

## अवैध कॉलोनी का निर्माण करने वालों पर करें कार्रवाई- राज्यमंत्री श्रीमती गौर



भोपाल (आरएनएस) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने गुरुवार को वार्ड 56 में क्षेत्रवासियों से जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और एसडीएम को अवैध कॉलोनाइजर्स के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान आनंद बिहार कालोनी और नरेंद्र नगर बरखेड़ा पठानी की महिलाओं ने राज्यमंत्री श्रीमती गौर को बताया कि बिल्डर ने प्लॉट बेच दिए। पानी, बिजली और नाली जैसी कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई। स?थानीय नागरिकों ने बताया कि एक पेट्रोल पंप संचालक ने अटल चौराहे से 80 फीट रोड पर अतिक्रमण कर आम रास्ता बंद कर दिया है। रहवासियों ने वैकल्पिक मार्ग देने की मांग की। स्थानीय नागरिकों ने अधूरे पड़े सुलभ शौचालय का निर्माण पूरा कराने की मांग की। माता मंदिर बरखेड़ा पठानी में महिलाओं ने नाली की सफाई नहीं होने, कचरा नहीं उठाने की शिकायत की। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए लापरवाही करने वाले कर्मचारियों ने कार्य प्रणाली में सुधार नहीं किया, तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। साकेत नगर सेक्टर-3डी नुपुर बाल उघान के नागरिकों ने पार्क में असामाजिक तत्वों के कब्जा कर अवैध कॉमर्शियल गतिविधियां संचालित किये जाने की शिकायत की। यहां जर्जर हो चुकी सीवेज लाइनों से सड़कों पर गंदा पानी बहने की बात भी उठाई गई। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने बताया कि नई पाइप लाइन का निर्माण अमृत फेज-2 के तहत शीघ्र कराया जायेगा। राज्यमंत्री श्रीमती गौर के साथ पार्षद श्री नीरज सिंह, प्रताप सिंह बेस, लीलाधर मालवीय, तुलाराम नामदेव, सुनील दबे सहित सैकड़ों की संख्या में रहवासी, कार्यकर्ता और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सतना जिले में आगामी बरसात में 25 लाख पौधों का होगा रोपण-प्रभारी मंत्री विजयवर्गीय



भोपाल( आरएनएस )सतना जिले में आगामी बरसात में 25 लाख पौधों का रोपण किया जायेगा। सतना मेडिकल कॉलेज का नामकरण भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर किये जाने का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जायेगा। उक्त निर्णय सर्व-सम्मति से गुरुवार को सतना में नगरीय विकास एवं आवास और सतना जिले के प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिये गये। प्रभारी मंत्री श्री विजयवर्गीय ने जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को जन-प्रतिनिधियों और आमजन की सहभागिता लेकर जन-आंदोलन का रूप देने की बात कही।

प्रभारी मंत्री श्री विजयवर्गीय ने नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से कहा कि वे नगर निगम क्षेत्र की सड़कें और अन्य सड़कों के रेस्टोरेशन का कार्य जून माह तक कर लें। जल गंगा संवर्धन अभियान में जिले में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गयी। बैठक में बताया गया कि 695 खेत-तालाब बनाये जा रहे हैं। दो हजार डगवेल, 15 अमृत सरोवर और एक नदी के पुनर्जीवन का कार्य किया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि जिले में इस वर्ष 18 लाख बाँस के पौधे रोपने का कार्यक्रम है।

सघन पौध-रोपण

प्रभारी मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि औद्योगिक परिवेश के कारण सतना को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिये सघन पौध-रोपण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पौध-रोपण में 5 से 6 फीट बड़े पौधे लगाये जायें, जिससे उनका सर्वाइवल रेट अधिक रहे। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने जानकारी दी कि चित्रकूट-मझगवां-सतना खण्ड का प्रस्तावित 4-लेन चौड़ीकरण प्रोजेक्ट करीब 78 किलोमीटर लम्बाई का है। इस पर 2480 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। बैठक में बताया गया कि सतना मेडिकल कॉलेज के अस्पताल के लिये राज्य सरकार द्वारा 383 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी है। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद श्री गणेश सिंह, विधायक श्री सुरेन्द्र सिंह गहरवार, श्री विक्रम सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रामखेलावन कौल एवं स्थानीय जन-प्रतिनिधि मौजूद थे।

बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण

प्रभारी मंत्री श्री विजयवर्गीय ने सेमरिया चौक में स्थापित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किये।

## बिजली कार्मिक स्थानान्तरण के लिये करें ऑनलाइन आवेदन

भोपाल(आरएनएस) -मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कर्मचारियों (नियमित/संविदा) के सेवा संबंधी मामलों में विस्तार करते हुए कार्मिकों के स्वयं के व्यय पर स्थानान्तरण की सुविधा को और अधिक सरल बनाते हुए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब?ध कराई है। कंपनी ने अपने कार्य क्षेत्र के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं लाइन स्टॉफ को स्वयं अथवा परिवार में किसी सदस्य की गंभीर बीमारी, पति/पत्नी के शासकीय सेवा में अन्यत्र स्थान पर कार्यरत होने पर/शासकीय अनुदान प्राप्त संस्था में कार्यरत होने पर आपसी स्थानांतरण तथा अन्य कारणों से उनके स्वयं के व्यय पर स्थानान्तरण के लिये ऑनलाइन आवेदन की सुविधा प्रदान की है।

कंपनी ने कहा है कि कार्मिक 24 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक अपने स्थानान्तरण के लिये आवेदन कर सकते हैं। कोई भी कार्मिक एक ही बार ऑनलाइन स्थानांतरण आवेदन प्रस्तुत (सबमिट) कर सकेगा। स्थानांतरण के लिये केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकार किये जायेंगे। किसी भी स्थिति में ऑफलाईन आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। महाप्रबंधक तथा समकक्ष अधिकारी एवं उनसे उच्च पद के अधिकारी स्थानांतरण हेतु ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन प्रस्तुत नहीं कर सकेंगे। ऐसे अधिकारी कर्मचारी जिनकी एक ही स्थान पर पदस्थापना की अवधि 01 वर्ष से कम है,

शहडोल की ग्राम पंचायत टिहकी में जल गंगा संवर्धन अभियान की जन.चौपाल में हुए शामिल

## जल संरक्षण के जन.आंदोलन से जल.समृद्ध बनेगा मध्यप्रदेश-उप मुख्यमंत्री शुक्ल



भोपाल(आरएनएस)-उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार जल.संरक्षण एवं संवर्धन को जन.आंदोलन के रूप में विकसित कर ष्जल.समृद्ध मध्यप्रदेशष् बनाने की दिशा में सतत कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ष्जल.गंगा संवर्धन अभियानष् अब प्रदेश के हर गांवए हर परिवार और हर नागरिक की सहभागिता वाला जन.अभियान बन गया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल शहडोल जिले की जनपद पंचायत जयसिंह नगर अंतर्गत ग्राम पंचायत टिहकी में आयोजित जन.चौपाल को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि वर्षा जल का संरक्षण और संवर्धन आज समय की मांग है। प्राकृतिक संतुलन के लिए आवश्यक है। प्रदेश सरकार ने जल.गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की हैए ताकि हम जल को संग्रहित करेंए उसका संरक्षण करें और जल.स्त्रोतों को पुनर्जीवित करें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि धरती की कोख दृ यानी भूमिगत जल स्त्रोतों को भी पुनर्भरण ;रिचार्जद्ध की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि यदि हम केवल निकालते रहेंगे और वापस नहीं लौटाएँगेए तो भविष्य में अगली पीढ़ी को जल संकट का सामना करना पड़ेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आमजन से आह्वान किया कि छोटे.छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव लाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि पानी केवल कृषि और पेयजल का साधन नहीं हैए बल्कि यह संस्कृतिए अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य से भी सीधा जुड़ा हुआ है। उन्होंने ग्रामवासियों से आग्रह किया कि जल संरक्षण को सांस्कृतिक जिम्मेदारी और सामाजिक चेतना का हिस्सा बनाएं। प्रत्येक विद्यालयए ग्राम सभाए स्व.सहायता समूह और युवा मंडल इस कार्य में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है और मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश इस दिशा में अग्रणी बनकर उभर रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉण् यादव की अगुवाई में देश एवं प्रदेश में निरंतर विकास के कार्य किए जा रहे हैए महिलाएं सशक्त हो रही हैंए सामाजिक कार्यों में उनकी सहभागिता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि चारों तरफ पुल.पुलियोंए सड़कों का निर्माण होने से व्यापार के अवसर बढ़ रहें हैं

## बिना अनुमति के धरना प्रदर्शन और रैली नहीं निकाल सकेंगे-कलेक्टर सिंह

उज्जैन, आरएनएस। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रौशन कुमार सिंह ने जिले में लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 (1) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला के संपूर्ण क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए हैं। आदेश के तहत कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य पक्ष सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार के धारदार या अन्य हथियार, आग्नेय अस्त्र-शस्त्र, हांकी, डंडा, रॉड इत्यादि लेकर नहीं चलेगा अथवा दुरूपयोग नहीं करेगा और न ही प्रदर्शन करेगा। कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य पक्ष किसी भी स्थान पर सभा, धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली, सार्वजनिक कार्यक्रम आदि का आयोजन नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य पक्ष डी.जे. अथवा बैंड का संचालक, बैंड, डी.जे./ ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं करेगा। प्रत्येक को मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 तथा 2000 एवं ध्वनि प्रदूषण के प्रावधानों का पालन करना आवश्यक होगा।कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य कोई भी पक्ष धरना, जुलूस, प्रदर्शन, सभा या रैली आदि में एसिड, पेट्रोल, कैरोसिन आदि ज्वलनशील पदार्थ अपने पास नहीं रखेगा

सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और अग्नि दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के दिए निर्देश

## भेल परिसर में लगी आगजनी की सूचना पर मौके पर पहुंचे मंत्री सारंग



भोपाल (आरएनएस) भोपाल के भेल परिसर स्थित गेट नंबर 9 के पास गुरुवार को वेस्ट मटेरियल में अचानक आग लगने की घटना की जानकारी मिलते ही सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायज़ा लिया।

मंत्री श्री सारंग ने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों, भेल प्रबंधन और फायर ब्रिगेड अधिकारियों के साथ आवश्यक चर्चा कर राहत एवं बचाव कार्य की समीक्षा की। उन्होंने फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए आवश्यकता अनुसार आसपास के क्षेत्रों से भी अतिरिक्त फायर यूनिट्स बुलाने के निर्देश दिए।

मंत्री श्री सारंग ने अधिकारियों से कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से भेल परिसर के हरियाली युक्त क्षेत्रों में सुरक्षा इंतज़ाम बढ़ाने पर बल दिया और निर्देशित किया कि इन क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण, कचरा प्रबंधन और सूखी घास/झाड़ियों की सफाई की उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि भेल प्रशासन और जिला प्रशासन को समन्वय के साथ काम करते हुए उन भूमियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें, जिनका वर्तमान में कोई उपयोग नहीं हो रहा है। मंत्री श्री सारंग ने यह भी कहा कि इन क्षेत्रों का समुचित रखरखाव हो और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

इस मौके पर सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) की टीम के साथ भोपाल कलेक्टर, एसडीएम, एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे और राहत कार्यों की निगरानी में जुटे रहे।

## पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने कार्य करें पंच और सरपंच- मंत्री पटेल



भोपाल-(आरएनएस) पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने गुरुवार को रायसेन जिले की सांची जनपद पंचायत के ग्राम सिलपुरी में आयोजित पंचायत प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण/जनसंवाद उन्मुखीकरण कार्यक्रम सह सम्मान समारोह का कन्या-पूजन और दीप-प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी/कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित थे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि हमारी पंचायत व्यवस्था आत्मनिर्भर व स्वाबलंबी होनी चाहिए। सभी अपने ग्राम को स्वाबलंवी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य करें। उन्होंने पंच-सरपंचों को संबोधित कराते हुए कहा कि ग्राम के विकास के लिए योजना बनाकर काम करें, राशि की कमी नहीं है। ग्राम के विकास के लिए राशि का उपयोग इस प्रकार करें कि ग्राम का विकास हो और ग्रामीणों का भविष्य बेहतर हो। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पंचायतों को अपने संसाधनों से आत्मनिर्भर बनना चाहिए। इस वर्ष भारत सरकार के 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत किये गये वित्तीय प्रावधानों को व्यय करने का अंतिम वर्ष है। इसके अलावा राज्य का वित्त, स्टॉम्प ड्यूटी की राशि, गौण खनिज की राशि सहित अन्य स्त्रोतों से भी पंचायतों को आय होती है। इस राशि का कार्य योजना बनाकर उपयोग किया जाए। इस वर्ष बजट में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के लिये वित्तीय प्रावधानों में वृद्धि हुई है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पंचायत भवन ई-पंचायत को दृष्टिगत रखते हुए बनाए जायेंगे। पंचायत भवन इस प्रकार बनाया जाए जो कि आगामी 40 वर्ष तक उपयोगी हो। भविष्य में उन्हें दो मंजिला, तीन मंजिला बनाया जा सकेगा। इसी प्रकार सभी पंचायतों में बहुउपयोगी सामुदायिक भवन भी बनाये जायेंगे। उन्होंने उपस्थित पंच-सरपंचों से कहा कि वह अपने जिलों में पंच-सरपंचों, जनपद सदस्यों का सम्मेलन करें और नागरिकों की समस्याएं सुने। उन्होंने कहा कि हम सभी को टीम भावना से कार्य करना होगा। आपस में समन्वय से काम की गति बढ़ेगी, बेहतर काम होगा।

जल गंगा संवर्धन अभियान का उल्लेख करते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि अभियान के तहत छोटी-छोटी नदियों को जोड़ें, जिससे नदी नालों में पानी मिलेगा। हमें घर में, खेतों के लिये जल की आवश्यकता है। हमें जल संरक्षण के लिये प्रयास करने होंगे। वृक्ष हम आने वाली पीढ़ियों के लिए लगाते हैं। वृक्ष छाया भी देते हैं, फल भी देते हैं और पानी भी एकत्रित करते हैं। पर्यावरण संरक्षण, पौध-रोपण, जल संरक्षण केवल सरकार का काम नहीं है, यह हम सभी की जिम्मेदारी है। केवल पौध-रोपण ही न करें, बल्कि रोपित किए गए पौधे वृक्ष का आकार लें यह भी सुनिश्चित करें। वृक्ष हमारे जीवन के लिये आवश्यक हैं, इनके लिये अपना योगदान दें। उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों के पंच-सरपंच हुए सम्मानित



सनातन धर्म में दैनिक पूजा पाठ को विशेष महत्व दिया गया है, संसार रूपी जिम्मेदारियों को निभाते हुए अपने परम लक्ष्य ईश्वर प्राप्ति को नहीं भूलना चाहिए, भगवान की दैनिक पूजा पाठ सभी को करना चाहिए, कलयुग में पूजा पाठ यज्ञ हवन आदमी से हो नहीं पाता है तो नाम स्मरण सर्वश्रेष्ठ बताया गया है जो सबसे सरल और आसान है, आप चलते फिरते कही भी पूजा पाठ कर सकते है. स्त्री और पुरुष परिवार रूपी गाड़ी के दो प्रमुख अंग है, इनको जीवन में अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है, पुरुष को नौकरी, कामकाज और आर्थिक जिम्मेदारी दिए गई है



## देश की अखंडता पर प्रहार

वक्फ संशोधन कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दरम्यान सरकार ने आश्वासन दिया कि सेंटर वक्फ काउंसिल और वक्फ बोर्ड में किसी गैर-मुस्लिम की नियुक्ति नहीं की जाएगी। मौजूदा वक्फ संपत्तियों पर किसी तरह की कार्रवाई न करने तथा वक्फ संशोधन कानून, 2025 के कुछ प्रावधानों पर फिलहाल अमल न करने की बात भी की। अदालत ने सरकार को जवाब देने के लिए सात दिन का वक्त दिया है। अगले आदेश तक वक्फ, जिसमें वक्फ बाय यूजर भी शामिल है, में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। न ही संबंधित कलेक्टर इनमें कोई बदलाव करेगा। 1995 के अधिनियम के तहत जिन वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण हुआ है, उनको अगली सुनवाई तक गैर-अनूसूचित न करने का स्पष्ट निर्देश भी दिया गया है। अदालत में वक्फ कानून की वैधता को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि जैन, सिख व अन्य अल्पसंख्यकों के धर्म पर ऐसे कानून लागू नहीं होते। जैसा कि नये कानून के अनुसार वही शख्स अपनी संपत्ति दान कर सकता है, जो कम से कम पांच साल से मुसलमान हो यानी इस्लाम अपना चुका हो। दान की जाने वाली संपत्ति का मालिकाना हक भी रखता हो। शीर्ष अदालत ने सरकार से तल्ख सवाल किया कि क्या वह हिन्दुओं के धार्मिक ट्रस्टों में मुसलमान या गैर- हिन्दुओं को शामिल करने जा रही है? इस कानून के पारित होने के बाद हुई हिंसा की भी निंदा की। हरियाणा, महाराष्ट्र, मप्र, असम, छत्तीसगढ़ व राजस्थान जैसे भाजपा शासित राज्यों में अलग-अलग याचिकाएं दायर की गई हैं।

# पाक को सबक सिखाना एवं आतंकवाद को उखाड़ना होगा

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर एवं क्रूर आतंकी हमले से सारा देश गम एवं गुस्से में दिख रहा है, वही मोदी सरकार इस बार आर-पार के मूड में दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ( सीसीएस ) की बैठक के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पांच बड़े और कड़े फैसले लेते हुए पाकिस्तान पर शिकंजा कसा है, जिससे वह डरा है, सहमा है, घबराया है। इन पंच शिकंजों में 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, राजनयिक मिशन की संख्या घटाई जाएगी, पाकिस्तानी सैन्य राजनयिकों को एक हफ्ते में भारत छोड़ना होगा, पाकिस्तानियों के लिए सार्क वीज़ा रद्द कर दिया गया है और अटारी बॉर्डर को भी तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। ये कदम जहां आतंकवाद के खिलाफ भारत की कड़ी नीति को दर्शाते हैं वहीं पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाने का एक डिप्लोमैटिक स्ट्राइक है, जबकि भीतर-ही-भीतर किसी बड़ी कार्रवाई से इंकार नहीं किया जा सकता। सीमा पार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर दबाव बनाने और भारत की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में मोदी सरकार से अभी अधिक सख्त कार्रवाई की अपेक्षा है और आशा की जा रही है कि सरकार जनता की अपेक्षाओं से भी दो कदम आगे इस बार बदला लेगी। इस बार की तांडवी टंकार एवं हुंकार पाकिस्तान की न केवल कमर तोड़ देगी, बल्कि उसके नापाक मनसूंबों को हमेशा के लिये नेस्तनाबूद कर देगी। पाकिस्तान ने अब तक भारत की शांति एवं सहयोग भावना को देखा है लेकिन अब हिंसा के लिये हिंसा की खनकार देखेगा। निर्दोषों की हत्या करन वालों, विश्वासघात का मार्ग अपनाने वालों एवं निहत्थों पर कहर बरपाने वालों को अब पता लगेगा कि धर्म एवं शांतिवादियों की ताकत क्या होती है?

पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने निर्दोष पर्यटकों पर किये गये इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी ली है। इस दुखद घटना ने वर्ष 2008 में दुस्साहसपूर्ण ढंग से मुंबई और भारत को हिलाकर रख देने वाले लश्कर-ए-तैयबा द्वारा रचे गए नरसंहार की याद दिला दी है। यह महज संयोग नहीं कि यह हमला 26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण और पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बाद हुआ। यह हमला पाकिस्तान की अब तक की सबसे बड़ी भूल एवं अमानवीयता एवं पाशविकता का घिनौना कृत्य बना है। मुनीर ने कश्मीर को अपने देश की 'गले की नस' बताया लेकिन यही नस अब पाकिस्तान का सर्वनाश करेंगी, उसको कड़वे घुंट पीने को विवश करेगी। दाने-दाने को तरसता पाकिस्तान अब त्राहि-त्राहि करते हुए तबाही के कगार पर पहुंचेगा। एक ओर जहां बलूच विद्रोह ने मुनीर व सेना की नींद उड़ा रखी है, अब भारत उसकी नींद ही नहीं, सुख-चैन भी छीन लेगा। गैर मुस्लिमों को निशाना बनाना और वह भी अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी.वेंस की भारत यात्रा के दौरान- यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों व उनके आकाओं ने भाजपा के नेतृत्व वाली मोदी सरकार को चुनौती दे दी है, सीधे-सीधे ललकारा है। मोदी सरकार को सस्ते में लेने की भूल के परिणाम पाकिस्तान पहले भी भुगत चुका है, उरी (2016) और पुलवामा (2019) की तरह पहलगाम हत्याकांड में बहा निर्दोषों का रक्त व्यर्थ नहीं जायेगा। जिस तरह श्रीकृष्ण को आसुरी शक्तियों के खिलाफ महाभारत रचना पड़ा, उसी तरह मोदी पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ कोई बड़े युद्ध की संरचना करके हमेशा के लिये आतंकवाद का सर्वनाश करे।

पहलगाम हत्याकांड के बाद न केवल समूचे देश में बल्कि कश्मीर घाटी में पहली बार गहरा आक्रोश देखने को मिला है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद का आयोजन किया गया है। बुधवार को बंद के आह्वान के बाद श्रीनगर में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोग सड़कों में दुख और आक्रोश व्यक्त करते नजर आए और कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है। यह घटना कश्मीरियों की रोजी-रोटी पर कुठाराघात है। यह कश्मीर की शांति को लीलने की कुचेष्ठा है। लश्करे-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन के इस हमले का मकसद पर्यटकों में खौफ पैदा करना और घाटी में सामान्य स्थिति की वापसी को रोकना था। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल जम्मू-कश्मीर में पैंतीस लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे थे। लेकिन पहलगाम जैसी जगह में जहां सत्तर फीसदी लोगों की आजीविका पर्यटन से जुड़ी है, वहां स्थिति सामान्य होने में अब लंबा वक्त लगेगा। आने वाले दिनों के लिये पर्यटकों ने अपनी यात्राएं रद्द कर दी हैं।

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में काफी बदलाव आया था। आतंकवाद लगातार सिमट रहा था, शांति का उजाला हो रहा था। वादियां की रौनक बढ़ी और बाजार गुलजार हो उठे थे। श्रीनगर के लालचौक पर मिलजुल कर त्यौहार मनाए जाने लगे थे। बागों में ट्यूलिप के फूल खिल उठे थे।

## केशवानंद भारती विरुद्ध केरल सरकार 1973 और वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक

अजय दीक्षित

केशवानंद भारती विरुद्ध केरल सरकार 1973 मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि संसद को कोई भी कानून बनाने से पहले यह कर लेना चाहिए कि वह संविधान में प्रदत मौलिक अधिकार का हनन तो नहीं कर रही है यद्यपि संसद बहुमत से कोई कानून बना सकती है या उसमें आंशिक तौर या पूर्ण परिवर्तन कर सकती है लेकिन अगर यह विषय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विचार के लिए लाया जाएगा और मामला यह सिद्ध होगा कि किसी धर्म या व्यक्ति या व्यक्तियों के मौलिक अधिकार का हनन होता है तो उस राष्ट्रपति के आदेश की विवेचना का अधिकार सर्वोच्च न्यायालय को भारत का संविधान अनुच्छेद 51 में देता है और सर्वोच्च न्यायालय उस कानून का समाप्त कर सकता है। यह खतरनाक हथियार अनुच्छेद 141के तहत भारत संघ में है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ ने भी इसे 143 धारा को न्यायपालिका और व्यवस्थापिका में घमासान का कारक बताया है और कहा है कि जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर मिले जले नोटो के संबंध में प्राथमिकी दर्ज नहीं करने का क्या कारण है। वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक (ढ्ढस्र्ढ्ढष्ठ) एकीकृत वक्फ प्रबन्धन शसक्तीकरण दक्षता विकास बिल या कानूनों के दो प्रावधानों को लेकर भारत की न्यायपालिका और व्यवस्थापिका में ठन गई है और मोर्चा संभाला है चीफ़ जस्टिस खन्ना और उपराष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ ने। कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी ने अनुच्छेद 26 का हवाला देते हुए कहा है कि वक्फ माने किसी मुसलमान द्वारा अल्लाह के नाम पर सार्वजनिक रूप दी गई संपत्ति वक्फ कहलाती है और बाय यूजर मुस्लिम धर्म समुदाय इसमें मस्जिद दरगाह, मकबरा, क़ब्रिस्तान,ईदगाह,आदि चल रहा है तो इसे डिनोटिफाइड नहीं किया जाए।इसके अलावा वक्फ बोर्ड चुकीं मुस्लिम लोगों से जुड़ी है तो गैर मुस्लिमों को इन संस्थाओं से न जोड़ा जाए।

## आतंकियों, उनके शरणदाताओं व आकाओं को देना होगा मुंह तोड़ जवाब

हमें हमेशा याद रखना होगा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, लेकिन उसके बावजूद भी इस क्षेत्र में पिछले कई दशकों से पाकिस्तान आतंकवाद फैलाने का काम निरंतर कर रहा है। इस आतंकवाद के चलते भारतीय लोगों के लहू से बार-बार कश्मीर घाटी की धरती से लाल होती रहती है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसारन घाटी में घूमने के लिए आये हुए पर्यटकों से मंगलवार की दोपहर करीब 1 से 2 बजे के बीच धर्म पूछ कर हिंदू पर्यटकों की गोलीमार कर के निर्ममता से हत्या कर दी गयी। आतंकियों की गोलीबारी में अब तब 26 निर्दोष लोगों की मौत हो गई है और दो दर्जन से अधिक लोग घायल है। जिसके बाद से ही देश व दुनिया में भारत के अगले कदम के बारे में सोचकर के हड़कंप मचा हुआ है। इस घटना के बाद विदेश दौरे पर गये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपना दौरा बीच में छोड़कर के भारत वापस आ गये हैं। वहीं गृहमंत्री अमित शाह ने खुद घटना स्थल पर जाकर दौर किया है। राजधानी दिल्ली से लेकर जम्मू-कश्मीर तक देश के शीर्ष नेतृत्व की हाईलेवल बैठकों का दौर जारी है। इस जघन्य घटना को अंजाम देने के ढंग पर ध्यान दें तो आतंकियों ने एक बार फिर से भारत की भूमि पर इजराइल हमले की व आईएसआईएस के हमलों की दर्दनाक यादों को दोहराने का काम किया है। सूत्रों के अनुसार इस जघन्य आतंकी घटना में मरने वाले लोगों में से दो स्थानीय, दो विदेशी के अलावा बाकी नागरिक देश के विभिन्न राज्यों के रहने वाले हैं, जिनके घरों में इस जघन्य घटना के बाद से ही कोहराम मचा हुआ है। जिस तरह से जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल मंगलवार की दोपहर को अपने आकाओं के नापाक मंसूबों को पूरा करने के लिए पाकिस्तान परस्त देशी व विदेशी आतंकियों के एक समूह ने निहत्थे-निर्दोष पर्यटकों से उनका धर्म पूछ करके हिंदू होने पर उन लोगों की बेहद निर्ममता से हत्या की है, वह पाकिस्तान के इन भाड़े के पिट्ठूओं की इंसानियत को शर्मसार करने वाली बेहद ही कायराना व धूर्तता पूर्ण हरकत है। आतंकियों के द्वारा पर्यटकों से धर्म पूछना और हिंदू होने पर उन पर निर्दयता से गोली चलाना जघन्य नरसंहार के साथ-साथ बेहद ही संवेदनशील विषय है। नियम-कायदे कानून पसंद लोगों को लगता है कि यह सब आतंकियों की इस घटना के बाद देश में धार्मिक दंगा फ़साद करवाने की एक बहुत बड़ी गहरी सोची-समझी साजिश भी हो सकती है। इसलिए देश व समाज हित में हम सभी लोगों को धार्मिक उन्माद के माहौल से बचना होगा। हमें हमेशा याद रखना होगा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, लेकिन उसके बावजूद भी इस क्षेत्र में पिछले कई दशकों से पाकिस्तान आतंकवाद फैलाने का काम निरंतर कर रहा है। इस आतंकवाद के चलते भारतीय लोगों के लहू से बार-बार कश्मीर घाटी की धरती से लाल होती रहती है। घाटी के इस क्षेत्र से आतंकवाद समाप्त करना आज भी भारत सरकार के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती बना हुआ है। लेकिन अब वह समय आ गया है जब कश्मीर घाटी से आतंकियों की पूरी तरह से कमर तोड़ कर उसको समाप्त कर देना

## श्रीराम और भरत के मिलाप का साक्षी है चित्रकूट का यह मंदिर, शिला पर आज भी मौजूद हैं पैरों के निशान

ऋषि वाल्मीकि द्वारा रामायण की रचना की गई थी। उनके द्वारा रचित रामायण के उत्तरकाण्ड में भरत मिलाप का प्रसंग मिलता है। भरत मिलाप प्रसंग को पढ़ने या सुनने के बाद व्यक्ति का मन भाव-विभोर हो उठता है। चित्रकूट में हुए इस मिलन स्थान का आज भी उतना ही महत्व माना जाता है, जितना कि उस दौरान था जब श्रीराम और भरत जी का मिलाप हुआ था। वर्तमान समय में इस स्थान पर एक मंदिर भी स्थापित है, जिसको भरत मिलाप मंदिर के नाम से जाना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं।

मध्यप्रदेश के चित्रकूट में भगवान कामतानाथ परिक्रमा मार्ग पर भरत मिलाप मंदिर है। रामायण में वर्णित एक कथा के मुताबिक जब भगवान श्रीराम अयोध्या गए, तो उनको मनाने के लिए भरत जी चित्रकूट पहुंचे। जहां पर उन्होंने श्रीराम से वापिस अयोध्या चलने का आग्रह किया, लेकिन श्रीराम ने अपने वचन को पूरा करने के लिए स्नेह के साथ भरत को वापिस अयोध्या भेज दिया था। चित्रकूट में श्रीराम और भरत जी के मिलन का दृश्य इतना भावपूर्ण था कि आसपास के लोगों के साथ प्रकृति भी भावुक हो गई और पत्थर तक पिघल गए।

## घाटी में बहे बेगुनाह लहू से गुस्से में देश

कश्मीर घाटी में पिछले कुछ वर्षों में सिर्फ परिंदे ही नहीं चहचहा रहे थे, बल्कि देश-दुनिया से आए सैलानी भी यहां की खूबसूरती में अपना सहयोग दे रहे थे..वे भी परिंदे की तरह घाटी के कैनवस को और ज्यादा खूबसूरत बना रहे थे..यह खूबसूरती पाकिस्तान परस्त उन आतंकियों को नहीं देखी गई, जिनके लिए कश्मीर गले की नस की तरह है। अपने गले की इस नस को बचाने के लिए आतंकियों ने बाइस अप्रैल का दिन चुना, और 26 बेगुनाह लोगों का रक्त घाटी की हरियाली चादर पर बिछा दिया..ये प्राकृतिक रंग होता तो धानी कैनवस पर खूबसूरत होता..लेकिन लहू का सुर्ख रंग कभी खूबसूरती का सबब नहीं बनता..वह वीभत्सता का जरिया बनता है..जब किसी बेगुनाह का लहू जब धरती पर गिरता है तो वह क्षोभ और क्रोध का जरिया बन जाता है..बेशक यह लहू सूख जाता है, लेकिन उसकी तासीर मानवता के दिल और दिमाग में कहीं गहरे तक रच जाता है..उसे धरती पर बहाने वाले के लिए वही सैलाब बन जाता है और उस सैलाब में एक दिन उसे बहाने वाले बह जाते हैं। पहलगाम की धरती पर गिरा खून सूख चुका है..लेकिन वह भारत की असंख्य आंखों में उतर आया है..जब खून किसी की आंखों में उतर आता है तो उसका अंजाम बहुत भयानक होता है..भयानक उसके लिए, जिसकी वजह से वह आंखों में उतर आता है...तब उन आंखों का पानी धीरे-धीरे मरने लगता है और उसकी हर सूखी बूंद से उपजा सैलाब कहर बन कर टूटता है। भारत की असंख्य आंखों की सूख रही बूंदों से वही सैलाब उमड़ने वाला है। बिहार के मधुबनी में प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना कि घाटी में बेगुनाह खून बहाने वालों का पीछा किया जाएगा, उन्हें खोज निकाला जाएगा और दंडित किया जाएगा..दरअसल उसी सैलाब की निशानी है.. अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 का खात्मा होने के बाद घाटी धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगी थी, कुछ पिछली सदी के नब्बे के दशक से पहले की स्थिति में आने लगी थी। घाटी में परिंदों की चहचहाहट के साथ ही सैलानियों के तराने गूंजने लगे थे। इसके साथ घाटी में खुशहाली लौट रही थी। पत्थर थामने और सेना पर उन्हें उछालने वाले हाथों में कहीं पतवार तो कहीं घोड़े की लगाम तो कहीं सैलानियों को राह दिखाने वाले जज्बात आने लगे थे। कश्मीर की कालीनों को एक बार फिर रंग मिलने लगा था, उन्हें कद्रदानों की बाढ़ आने लगी थी...कश्मीर के केसर की रंगत और सुगंध दूर तक फैलने लगी थी..घाटी के मेवे की पहुंच एक बार फिर दुनिया के बाजारों तक होने लगी थी..

## भगवान शंकर को अपनी बारात के बाराती रत्ती भर भी बुरे नहीं लग रहे थे

भगवान शंकर की सुंदर बारात सज चुकी है। बारात सुंदर है, अथवा नहीं, यह तो देखने वाले की दृष्टि पर निर्भर करता है। क्योंकि जो भी शिवगण भोलेनाथ की बारात में सम्मिलित हैं, वे सभी मन के तो कुंदन से भी खरे व सुंदर हैं, किंतु बाहर से वे इतने कुरुप हैं, कि उन्हें कोई देखना तक नहीं चाहता। प्रत्यक्ष देखने की बात तो छोड़ ही दीजिए, कोई उन्हें स्वपन में भी नहीं देखना चाहता। क्यों? क्योंकि उनका सामाजिक स्तर अत्यंत हीन व निम्न है, कि उन्हें भूत पिशाच जैसे नामों से पुकारा जाता है। ऐसा हमारा विचार नहीं है, अपितु ऐसा दूसरे समाजों को लगता है। जैसे भगवान विष्णु व ब्रह्मा जी के दल में सभी सुंदर, श्रेष्ठ व आकर्षक प्रतीत होते हैं। उन्हें तो सुंदर होना ही था, उनके वाहन इत्यादि भी महान सुंदरता की गवाही दे रहे थे। किंतु एक हमारे भोलेनाथ हैं, वे स्वयं तो प्रत्येक रीति से विलग व हट कर थे ही, साथ में उनके बारातीयों के भी भयँकर रीति विरुद्ध लक्षण थे।

## भारत के स्टार्टअप्स की तुलना चीन से

अजीत द्विवेदी

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल मुंबई में रहते हैं और इस बार तो राज्यसभा छोड़ कर मुंबई की एक सीट से लोकसभा का चुनाव जीते हैं। वे कॉरपोरेट के चहेते नेता हैं। इसी योग्यता की वजह से वे लंबे समय तक भाजपा के कोषाध्यक्ष रहे। यह पद उनको विरासत में मिला था। पहले उनके पिता वेद प्रकाश गोयल भी भाजपा के कोषाध्यक्ष थे। यानी वे पीढ़ियों से कॉरपोरेट फ्रेंडली हैं। इसके बावजूद उन्होंने ऐसी बात कही है, जो निश्चित रूप से इस देश के किसी कॉरपोरेट को पसंद नहीं आई होगी। कई लोगों ने तो खुल कर प्रतिक्रिया भी दी और बाकी लोग मन ही मन कुढ़ रहे होंगे। गोयल ने राजनीतिक जोखिम भी लिया है।

उन्होंने जब कहा कि भारत में सिर्फ फूड डिलीवरी, इंस्टेंट ग्रॉसरी डिलीवरी या बेटिंग, गेमिंग के स्टार्टअप्स बन रहे हैं, जबकि चीन में एआई और ईवी के स्टार्टअप्स बन रहे हैं तो उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दावे पर भी सवाल खड़ा कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी बार बार कहते रहे हैं कि भारत स्टार्टअप्स का कैपिटल है और दावा करते हैं कि भारत के कितने स्टार्टअप्स यूनिकॉर्न बन गए यानी सौ करोड़ डॉलर से ज्यादा का कारोबार करने वाले बन गए। लेकिन उनके इस दावे के बरक्स पीयूष गोयल ने भारत के स्टार्टअप्स की हकीकत बताई है। उन्होंने बड़ा जोखिम लिया है। पीयूष गोयल ने स्टार्टअप महाकुंभ में बोलते हुए कहा, 'भारत में स्टार्टअप्स फूड डिलीवरी, फैंसी आइसक्रीम व कुकीज, इंस्टेंट ग्रॉसरी डिलीवरी, बेटिंग व फैंटेसी स्पोर्ट्स ऐप्स और रील्स व इन्फ्लूएंसर्स इकोनॉमी बनाने में बिजी हैं'। उन्होंने भारत के स्टार्टअप्स की तुलना चीन से करते हुए कहा कि दूसरी ओर चीन में 'ईवी व बैटरी टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, एआई रोबोटिक्स व ऑटोमेशन, ग्लोबल लॉजिस्टिक्स, ट्रेड व डीप टेक और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े स्टार्टअप्स शुरू हो रहे है'। गोयल इतने पर नहीं रूके उन्होंने यह भी कहा कि वे ऐसे तीन या चार अरबपतियों को जानते हैं, जिनके बच्चों ने बहुत फैंसी आइसक्रीम और कुकीज के ब्रांड बनाए और वे सफल कारोबार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें इससे दिक्कत नहीं है लेकिन क्या यही भारत का भविष्य है और क्या देश इससे संतुष्ट है? उनको सुनते हुए कई बार लगा कि कोई कम्युनिस्ट या सोशलिस्ट लीडर बोल रहा है। उन्होंने कहा, 'आज भारत का स्टार्टअप क्या है? हम फूड डिलीवरी ऐप्स पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं और बेरोजगार युवाओं को सस्ता मजदूर बना रहे हैं ताकि अमीर लोग घर से निकले बगैर अपना भोजन प्राप्त कर सकें'।

भारत के वाणिज्य मंत्री ने अपने इस भाषण से ऐसी दुखद सचाई को एक्सपोज किया है, जिस पर अभी तक परदा डाला जाता रहा है और ऐसी छोटी छोटी चीजों को बड़ा बना कर देश की उपलब्धि के तौर पर पेश किया जाता रहा है। सवाल है कि भारत क्यों ऐसी स्थिति में है? भारत इस स्थिति में इसलिए है क्योंकि भारत के कारोबारी जोखिम नहीं ले सकते हैं। वे इनोवेशन यानी नई चीजों के रिसर्च में पैसा खर्च नहीं कर सकते हैं। वे अनदेखे क्षेत्र में कदम ही नहीं रख सकते हैं। बचपन से इस देश में 'महाजनो येन गतः स पंथा' पढ़ाया जाता है। यानी समझदार लोग जिस रास्ते पर गए हों उसी पर चलें। लीक छोड़ कर चलने की शिक्षा नहीं दी जाती है। तभी भारत के कारोबारी इंतजार करते हैं कि दुनिया के दूसरे देशों में लोग रिसर्च पर पैसे खर्च करें और नई तकनीक ईजाद करें और उत्पाद बना लें तो वे बाद में उसका इस्तेमाल कर लेंगे। यानी इनोवेटर नहीं कंज्यूमर बनने की ही सोच देश के खरबपतियों की भी है।

तभी दुनिया भर के देशों में जब फूड डिलीवरी ऐप्स बन गए, डिजिटल भुगतान के ऐप्स बन गए, कैब और फूड एग्रीगेटर के ऐप्स बन गए तो भारत के अरबपतियों ने उनकी नकल करके अपने ऐप्स बनाए और सचमुच भारत के बेरोजगार युवाओं को सस्ते मजदूर में बदल दिया। स्विगी, जोमैटो से लेकर ब्लिंकिट और बिग बास्केट तक और भारत पे से लेकर पेटीएम तक और ओला से लेकर मिंत्रा तक और जेरोधा से लेकर ग्रो तक जितने भी ऐप्स बन हैं और जिनसे भारत में नई पीढ़ी के अरबपति बने हैं उनमें से कोई भी ऐप नया इनोवेशन नहीं है और कोई भी ऐप ऐसा नहीं है, जो भारत से बाहर दुनिया के दूसरे देश में इस्तेमाल किया जा रहा हो और उससे भारत में पैसा आ रहा हो। लगभग सारे स्टार्टअप्स और सारे ऐप्स भारत के लोगों को छोटी छोटी सुविधाएं देने के लिए ही हैं।

उनसे भारत को बड़ी इकोनॉमी बनाने या भारत की बुनियादी व चिरंतन समस्याओं के समाधान का रास्ता नहीं बनता है। पीयूष गोयल ने सिर्फ चीन से तुलना की अगर अमेरिका और यूरोप के देशों से तुलना की जाए तो भारत के स्टार्टअप्स और भी थके हुए और समय से पीछे के दिखाई देंगे। कोई भी नया इनोवेशन नहीं है। कोई भी तकनीक ऐसी नहीं है, जिसे पेटेंट कराया जाए तो दुनिया वाह कहे और उसका इस्तेमाल करने के लिए लाखों, करोड़ों डॉलर खर्च करे। भारत के खरबपति सरकारी नियम, कानूनों और देश की संपदा का इस्तेमाल करके अपनी संपत्ति बढ़ाते हैं। उनको नया कुछ भी करने की जरुरत नहीं है। इसी तरह भारत के जो स्टार्टअप्स हैं उन्हें शुरू करने वालों के पास भी कोई नया आइडिया नहीं है। वे दुनिया में आजमा लिए गए आइडिया पर ही काम करते हैं। सैम ऑल्टमैन और इलॉन मस्क ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर काम किया और ओपन एआई की स्थापना की, जिससे पूरी दुनिया में एआई की क्रांति आई है। गूगल, फेसबुक, यूट्यूब, एक्स से लेकर आयोस, एंड्रॉयड तक सारी प्रौद्योगिकी का आविष्कार दूसरे लोगों ने किया। भारत के खरबपति और स्टार्टअप्स शुरू करने वाले युवा ऐसी ही तकनीकों का इस्तेमाल करके कमाई कर रहे हैं।

ऐसा नहीं हुआ कि अमेरिका में ओपन एआई के तहत चैटजीपीटी बना तो भारत में किसी ने जेनेरेटिव एआई टूल्स बनाने में निवेश किया और कुछ नया बना लिया लेकिन चीन के एक उद्यमी ने डीपसीक बना लिया। अब भारत या तो चैटजीपीटी का इस्तेमाल करेगा या डीपसीक का करेगा। इस मामले में अफ्रीका और लैटिन अमेरिकी देशों से बेहतर नहीं है भारत की स्थिति। उधर चीन में बैटरी तकनीक पर इतना काम हुआ है कि उसकी इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी बीवाईडी और ली ऑटो ने अमेरिका की टेस्ला और जर्मनी के फॉक्सवैगन की नींद उड़ा रखी है।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखें। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। आज आप कोशिश करेंगे कि आपका व्यवहार सभी के प्रति अच्छा हो और किसी की भावनाओं को भी ठेस न पहुंचे।

वृष राशिः आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपको काम को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी नहीं तो आपका काम बच सकता है। जो लोग आपको अभी तक ताना दे रहे थे आज उनको कुछ कर दिखाने का दिन है,

मिथुन राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। व्यापार में आज आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी।

कर्क राशिः आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा, जिससे आपको ऑफिस में देर तक रुकना पड़ेगा।

सिंह राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आज आपके पारिवारिक रिश्तें में मधुरता बढ़ेगी। सभी लोग हंसी-खुशी रहेंगे। फैमिली की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खर्च और खरीदारी करते समय संतुलन बनाकर चलना होगा,

कन्या राशिः आज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीतेगा। परिवार वाले आज आपको अच्छी राय देंगे। आज आप ऑफिस में किसी काम को आसानी से पूरा करेंगे,

तुला राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी।


वृश्चिक राशिःआज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज मित्र आपसे मिलने आपके घर आ सकता है, जिसे सामने देखकर आपको यकीन नहीं होगा, मित्र से कुछ निजी समस्याओं पर बात करके आपको रिलैक्स फील होगा।

धनु राशिः आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा। आने वाले समय में आपकी महत्वाकांक्षाएं बढ़ेगी,

मकर राशिः आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिताएंगे।

कुंभ राशिः आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आप किसी रिश्तेदार से मिलने, उनके घर जाएंगे। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है।

मीन राशिः आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे।



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने निर्दोष नागरिकों से उनके धर्म के बारे में पूछताछ करने के बाद उनकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि एक हिंदू कभी ऐसा कृत्य नहीं करेगा। उन्होंने सरकार से पहलगाम आतंकी हमले पर कड़ी प्रतिक्रिया देने का आग्रह किया, जिसमें 26 लोग, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे, बंदूकधारियों द्वारा मारे गए थे। आरएसएस प्रमुख ने मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों से उनका धर्म पूछा गया और उन्हें मार दिया गया। हिंदू ऐसा कभी नहीं करेंगे।

# यह भारत पर डायरेक्ट अटैक है, सभी दलों को विश्वास में ले सरकार-कांग्रेस अध्यक्ष खरगे

बेंगलुरु (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार से मांग की है वह सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी दलों को विश्वास में ले और आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दे। उन्होंने कहा कि सरकार को पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी दलों के साथ आतंकवाद की चुनौती से निपटने के बारे में चर्चा करनी चाहिए और उनके सुझाव भी लेने चाहिए। उन्होंने यह भी कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सभी लोग सरकार के साथ एकजुट होकर खड़े हैं तथा आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि यह भारत पर सीधा हमला है।

आतंकवादियों ने मंगलवार की दोपहर को कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर गोलीबारी की, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गयी। आतंकी हमले में मारे गये लोगों में ज्यादातर पर्यटक थे। खरगे ने संवाददाताओं से कहा, ''बुधवार दोपहर करीब 2:30 बजे जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की हत्या किए जाने से हमें गहरा दु:ख और सदमा पहुंचा है। कांग्रेस पार्टी कड़े से कड़े शब्दों में इस कायरतापूर्ण कृत्य की निंदा करती है।'' उन्होंने कहा, ''यह हमला हमारे देश की एकता और अखंडता पर कायराना हमला है।'' उनके अनुसार, ''वर्ष 2000 में हुए चिट्टीसिंहपोरा नरसंहार के बाद, यह हमला आतंकवादियों और अलगाववादियों द्वारा किए गए सबसे बर्बर हमलों में से एक है। हम दृढ़ता से दोहराते हैं कि निहत्थे और निर्दोष नागरिकों की हत्या करने वाले इंसान नहीं हो सकते।''

कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने बुधवार देर शाम केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और केंद्र शासित प्रदेश के अन्य स्थानीय नेताओं से भी बात की। खरगे ने कहा कि इस घटना की पृष्ठभूमि में कांग्रेस कार्य समिति बृहस्पतिवार को सुबह 11 बजे नई दिल्ली में बैठक करेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, ''यह समय कोई राजनीति करने का नहीं है। हमारे पर्यटक जो इस नरसंहार में मरे हैं, यह समय उनको न्याय दिलाने का है।'' कांग्रेस अध्यक्ष ने कर्नाटक के एक पर्यटक का उल्लेख करते हुए कहा, ''अलग-अलग राज्यों के पर्यटक वहां थे। कर्नाटक से भी मंजूनाथ राव अपनी पत्नी, बच्चे के साथ वहां गए थे। उनकी इस हमले में मौत हो गई। भारत भूषण नामक व्यक्ति की भी इस दु:खद घटना में जान चली गई। मैंने पीड़ितों की पत्नियों से बात की और उन्हें अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।''

उन्होंने बताया कि कर्नाटक सरकार ने श्रम मंत्री संतोष लाड को जम्मू-कश्मीर भेजा है जो प्रदेश के लगभग 200 पर्यटकों से भी मिल रहे हैं और उनके लिए वापस आने की उड़ानों की व्यवस्था भी कर रहे हैं। खरगे ने कहा, ''मैंने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से भी अनुरोध किया है कि वे हर उस पर्यटक के लिए व्यवस्था करें जो वापस लौटना चाहता है। हमारे गृह मंत्री ने भी मुझसे वादा किया है कि वे भी इसका ध्यान रखेंगे।'' उन्होंने कहा कि इस साल जम्मू-कश्मीर की स्थानीय अर्थव्यवस्था में भारी नुकसान होगा, ऐसे में भारत सरकार को अब उनकी मदद करनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''इस समय, हम सब एक हैं। हम आतंकवादियों के खिलाफ़ एक होंगे।'' उन्होंने कहा, ''यह भारतीय राज्य के ऊपर सीधा हमला है। सारा देश स्तब्ध है। पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन ने इसकी ज़िम्मेदारी भी ली है। हमें इसका मुंहतोड़ जवाब देना होगा।'' खरगे ने कहा कि सरकार को अपनी सारी ताक़त लगाकर आतंकवादियों को ढूंढ निकालना चाहिए। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ''सरकार को जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था में पर्यटकों का भरोसा बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। अमरनाथ यात्रा कुछ ही दिनों में शुरू होने वाली है और हर साल लाखों पर्यटक इसमें हिस्सा लेते हैं। इससे पहले भी यात्रा के दौरान इस तरह के हमले हो चुके हैं। इसलिए यात्रियों की सुरक्षा को पुख्ता किया जाना चाहिए और सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया जाना चाहिए।''

खरगे ने कहा, ''सरकार से हम अपेक्षा करते हैं कि जब जरूरी कार्रवाई हो जाए और पूरी मालूमात हासिल हो गई हो तो, वह सभी राजनीतिक दलों को विश्वास में लेकर आतंकवाद की चुनौती से निपटने के बारे में चर्चा करेगी।'' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार को सर्वदलीय बैठक बुलाकर कुछ सलाह लेनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा, ''यह राजनीति नहीं है और हम इस स्थिति में राजनीति नहीं चाहते।'' खरगे ने कहा, ''कांग्रेस पार्टी आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए सरकार के साथ समन्वय, सहयोग और साझेदारी करने को प्रतिबद्ध है।




अमेरिकन किड्स स्कूल के शिक्षकों ने मेरठ के पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने श्रीनगर के पहलगाम आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से बातचीत की.

# पहलगाम आतंकी हमले में क्या पाकिस्तान का हाथ? डिजिटल फुटप्रिंट समेत ये सबूत दे रहे संकेत

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई है। घाटी में आतंक फैलाने में हमेशा से पाकिस्तान की भूमिका रही है और इस बार भी ऐसे संकेत मिले हैं कि पहलगाम हमले में भी पाकिस्तान का कहीं-न-कहीं हाथ है।

फोरेंसिक विशेषज्ञों, खुफिया एजेंसियों और सुरक्षा बलों द्वारा की गई संयुक्त जांच में एक योजनाबद्ध, समन्वित और बाहरी समर्थन वाले हमले की ओर इशारा करते हुए अहम जानकारी सामने आई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, फोरेंसिक विश्लेषण और जिंदा बचे लोगों के बयानों से पता चलता है कि हमलावर सैन्य स्तर के हथियार इस्तेमाल कर रहे थे और उन्नत संचार उपकरणों से लैस थे। ये संकेत देता है कि आतंकियों ने उच्च स्तर का प्रशिक्षण लिया था और पूरी योजना बनाई थी।

हमले की सटीकता को देखते हुए अधिकारियों का मानना है कि आतंकियों को बाहरी या स्लीपर सेल के जरिए मदद दी गई थी।

सूत्रों के हवाले से बताया कि हमलावरों और पाकिस्तान में बैठे आतंकी गुटों के बीच डिजिटल फुटप्रिंट के जरिए सीधे संवाद की पुष्टि हुई है।

आतंकियों के डिजिटल फुटप्रिंट ने पाकिस्तान की भूमिका को उजागर किया है, जो मुजफ्फराबाद और कराची के सुरक्षित घरों तक पहुंच रहे हैं।

खुफिया एजेंसियों का दावा है कि आतंकी पाकिस्तान में बैठे ऑपरेटिव के साथ प्रत्यक्ष रूप से संपर्क में थे।

एजेंसियों के अनुसार, आतंकवादी पूरी तैयारी के साथ आए थे। आतंकवादियों ने पीठ पर बैग टांग रखे थे, जिसमें सूखे मेवे, दवाइयां और संचार उपकरण थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, आतंकवादियों का समूह कुछ समय से जंगल में छिपा हुआ था और स्थानीय लोगों की मदद से पहलगाम की रेकी कर रहा था।

हमले में 3 से 4 आतंकवादी शामिल थे, जिनमें से 2 बाहरी और 2 स्थानीय थे। माना जा रहा है कि स्थानीय आतंकी बिजभेरा और त्राल के हैं।

पाकिस्तान ने कहा कि उसका घटना से कोई लेना-देना नहीं है।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा पहलगाम हमले में पाकिस्तान का कोई लेना-देना नहीं है। दिल्ली में जो हुकूमत है, उसके खिलाफ बगावत हुई पड़ी है। ये घर में पनपा हुआ है। भारत में नागालैंड से लेकर मणिपुर और कश्मीर में लोग सरकार के खिलाफ हैं। भारत सरकार लोगों के हक को मार रही है, इसके खिलाफ लोग खड़े हो चुके हैं।

एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा, यह सिर्फ एक अलग-थलग आतंकी घटना नहीं थी। हमलावरों को सीमा पार से निर्देशित, सुसज्जित और समर्थित किया गया था। उनका उद्देश्य क्षेत्र को अस्थिर करना और शांति को पटरी से उतारना है।

वहीं, हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। इस संबंध में टीआरएफ का एक अपुष्ट बयान भी सामने आया है।

## इससे हमारा कोई लेन-देना नहींञ्,पहलगाम अटैक पर आया पाकिस्तान का पहला बयान; भारत पर ही लगा दिए आरोप

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद जहां भारत में शोक और आक्रोश का माहौल है, वहीं पाकिस्तान की ओर से इस हमले पर सफाई देने के साथ-साथ विवादित बयान भी सामने आए हैं। इस हमले में अब तक 27 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक पाकिस्तानी टीवी चैनल से बात करते हुए कहा कि इस हमले से पाकिस्तान का कोई लेना-देना नहीं है। हम हर तरह के आतंकवाद की निंदा करते हैं। हालांकि इसके बाद उन्होंने भारत पर ही हमला बोलते हुए कहा कि इस हमले के पीछे खुद भारत के लोग भी हो सकते हैं। ख्वाजा आसिफ ने कहा, भारत के नागालैंड, मणिपुर और कश्मीर में लोग सरकार के खिलाफ हैं। भारत सरकार अल्पसंख्यकों को शोषित कर रही है ङ्क चाहे वे बौद्ध हों, ईसाई हों या मुसलमान। इसलिए लोग आवाज उठा रहे हैं। इस बीच, पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर का एक पुराना बयान भी वायरल हो रहा है, जो उन्होंने 16 अप्रैल को इस्लामाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान दिया था।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा और अन्य ने बेंगलुरु के केपीसीसी कार्यालय में पहलगाम में आतंकवादी हमले के पीड़ितों को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संवेदना व्यक्त की।

## आतंकवादियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करे सरकार, याद कर उनकी 10 पीढ़ियां भी कांप उठें : राज ठाकरे

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। इसके साथ ही मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने केंद्र सरकार से अपील की कि आतंकवादियों के खिलाफ ऐसे कदम उठाए जाने चाहिए कि उनकी अगली 10 पीढ़ियां भी उन्हें याद करके कांप उठें।

मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में कहा, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करती है। इस घटना में जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई, उन्हें महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत गंभीर है, और इस संकट की घड़ी में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना सरकार के साथ खड़ी है। केंद्र सरकार को अब इन हमलावरों के खिलाफ ऐसे कदम उठाने चाहिए कि इन हमलावरों की अगली 10 पीढ़ियां भी उन्हें याद करके कांप उठें। 1972 में म्यूनिख ओलंपिक के दौरान फिलिस्तीनी आतंकवादियों ने इजरायली एथलीटों पर हमला किया था। इसके बाद इजरायल ने उन आतंकवादियों और उनके मास्टरमाइंड को इस तरह खत्म किया था

# भारत आतंक के आगे नहीं झुकेगा, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा....पहलगाम हमले पर बोले शाह

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले पर देशभर में रोष व्याप्त है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए मृतकोंको श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि भारत आतंकवाद के आगे कभी नहीं झुकेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, भारी मन से पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत आतंक के आगे नहीं झुकेगा। इस नृशंस आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के घटनास्थल बैसारन क्षेत्र पहुंचे।

पहलगाम में मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 27 लोगों की मौत हो गई। 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। हमला उस वक्त किया गया, जब बैसरन घाटी में बड़ी तादाद में पर्यटक मौजूद थे। मृतकों में ङ्क गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा के पर्यटक हैं। नेपाल और ॅश्व के एक-एक टूरिस्ट और 2 स्थानीय भी मारे गए।

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले-आरोपियों को जल्द जोरदार जवाब मिलेगा**

नईदिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर गोलीबारी के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में आरोपियों को जवाब देने की बात कही है।

## पहलगाम आतंकी हमला: सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर, पहाड़ी राज्यों में पर्यटकों के लिए सुरक्षा की मांग

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्रालय और राज्यों को पहाड़ी राज्यों और दूरदराज के स्थानों पर जाने वाले पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा उपाय करने और उन स्थानों पर सशस्त्र बलों को तैनात करने का निर्देश देने की मांग की गई है, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक एकत्र होते हैं. यह याचिका अधिवक्ता विशाल तिवारी ने दायर की है. मंगलवार को दोपहर करीब 2.30 बजे आतंकवादियों ने दक्षिण कश्मीर के पहलगाम से करीब 6 किलोमीटर दूर बैसरन नाम के घास के मैदान पर पर्यटकों पर हमला किया, जिसमें दर्जनों लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे और कई अन्य घायल हो गए. इस भयावह हमले के कारण पूरा देश गुस्से और दुख से उबल रहा है. तिवारी द्वारा दायर याचिका में जम्मू-कश्मीर में शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए निर्देश देने की भी मांग की गई है.



पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बढ़ाए जाने के बाद सुरक्षा बल वाहनों की जांच कर रहे हैं।



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मनसुख मंडाविया नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम में शामिल हुए.

# पहलगाम हमलाः सैन्य वर्दी में थे आतंकी, 70 राउंड गोलीबारी की; अब तक क्या-क्या सामने आया?

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई है। सुरक्षाबल अब आतंकियों की तलाश में जुटे हैं। इस बीच प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कम से कम 4 आतंकियों ने घटना को अंजाम दिया है और उनके पास अमेरिका में बनी असॉल्ट राइफल और एके-47 जैसे हथियार थे। शक है कि 2 आतंकी विदेशी थे। घटनास्थल से करीब 50-70 कारतूस के खोखे बरामद किए गए हैं।

एक सूत्र ने कहा, घास के मैदान में पहुंचने के बाद आतंकवादियों ने पहले पर्यटकों को बंदूक की नोक पर बंधक बना लिया और फिर सभी महिलाओं और बच्चों को दूर रहने को कहा। पहचान के बारे में पूछताछ करने के बाद उन्होंने नजदीक से गोली चलाई। बाद में उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

इस सूत्र ने बताया कि हमला करीब 20 से 25 मिनट तक चला।

सूत्र ने कहा, हत्या के बाद आतंकवादी मौके से भाग गए। प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि आतंकवादी किश्तवाड़ से सीमा पार कर अपने स्थानीय गुर्गों की मदद से कोकरनाग के रास्ते बैसरन पहुंचे।

सूत्र के अनुसार, खुफिया एजेंसियों ने कुछ दिन पहले एक अलर्ट भेजा था कि एक आतंकवादी समूह %गैर-स्थानीय लोगों% पर हमले की योजना बना रहा है और आइईडी हमले की भी संभावना है, लेकिन ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई थी। जांच में सामने आया है कि आतंकियों ने पूरे हमले की वीडियोग्राफी की। इसके लिए उन्होंने बॉडीकैम पहन रखे थे।

आतंकियों ने हमले से पहले स्थानीय मददगार और ओवर ग्राउंड वर्कर्स के साथ मिलकर इलाके की रेकी भी की थी।

खुफिया एजेंसियों ने शीर्ष लश्कर कमांडर सैफुल्लाह कसूरी उर्फ खालिद और 2 पाक अधिकृत कश्मीर स्थित आतंकवादियों को इस हमले का मास्टरमाइंड बताया है।

खबर है कि राष्टीय जांच एजेंसी की टीम घटनास्थल पर पहुंच रही है।

जांचकर्ताओं का मानना है कि आतंकवादियों ने हमले के लिए बैसरन को इसलिए चुना, क्योंकि इस इलाके में सुरक्षा बलों की खास मौजूदगी नहीं थी।

इसके अलावा पहलगाम से करीब 6.5 किलोमीटर दूर इस इलाके में पहुंचने के लिए केवल पैदल चलकर या घोड़ों के जरिए ही पहुंचा जा सकता है।

इस वजह से सुरक्षाबलों को पहुंचने में देरी लगेगी और आतंकियों को भागने के लिए ज्यादा समय मिल सकेगा।



फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ब्राह्मणों पर अपनी टिप्पणी के बाद मुश्किल में फंस गए हैं, जिसके कारण कई समूहों में नाराजगी फैल गई है। विवाद इतना बढ़ गया है कि अब एक ब्राह्मण नेता ने कश्यप का मुंह काला करने वाले को नकद इनाम देने की पेशकश की है। बॉलीवुड के मशहूर फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने एक बड़े विवाद को जन्म दे दिया है। अपने बेपरवाह जातिवादी बयान के कारण वह न सिर्फ चर्चा में आए बल्कि लोगों में गुस्सा भी भड़का। ब्राह्मण समुदाय पर की गई जातिवादी टिप्पणी से लोगों में गुस्सा भड़क गया और सोशल मीडिया पर एक्टर का जमकर विरोध होने लगा।

जबलपुर दिन शनिवार 26 अप्रैल 2025 दैनिक क्षितिज किरण 6

# भाभी जी घर पर हैं फेम शुभांगी अत्रे का बोल्ड लुक वायरल, लेटेस्ट फोटोशूट ने बढ़ाया सोशल मीडिया का पारा



भाभी जी घर पर हैं सीरियल से घर-घर में मशहूर हुईं एक्ट्रेस शुभांगी अत्रे ने अपने बोल्ड और ग्लैमरस लुक से एक बार फिर सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है. अपने बर्थडे के मौके पर शुभांगी ने एक बेहद स्टनिंग फोटोशूट कराया है जिसकी तस्वीरें उन्होंने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं. ब्लैक ड्रेस में रेड रोज़ डिटेलिंग और परफेक्ट मेकअप के साथ एक्ट्रेस का यह अंदाज फैंस को बेहद पसंद आ रहा है. इन तस्वीरों के साथ शुभांगी ने कैप्शन लिखा - एक साल और समझदार आत्मप्रेम मुझे जन्मदिन मुबारक हो। उनके इस बोल्ड अंदाज को देखने के बाद फैंस लगातार कमेंट्स कर रहे हैं. किसी ने उन्हें 'स्टनिंग' बताया तो कोई उनकी खूबसूरती पर फिदा हो गया. वहीं टीवी एक्ट्रेस मेघा धाडे ने भी कमेंट करते हुए लिखा, समझदार और सुंदर, जन्मदिन मुबारक हो बेबी। शुभांगी का यह लुक न सिर्फ फैंस बल्कि इंडस्ट्री के दोस्तों को भी काफी पसंद आ रहा है. एक्ट्रेस का यह बोल्ड अवतार यह साबित करता है कि उम्र सिर्फ एक नंबर है और आत्मविश्वास ही असली खूबसूरती है. सोशल मीडिया पर उनकी ये तस्वीरें देखते ही देखते वायरल हो चुकी हैं और लगातार शेयर की जा रही हैं.

### बॉक्स ऑफिस पर केसरी 2 की कमाई की रफ्तार धीमी, चौथे दिन का कारोबार जान लगेगा झटका

अक्षय कुमार, आर माधवन और अनन्या पांडे जैसे सितारों से सजी फिल्म केसरी: चैप्टर 2 बीते 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली, वहीं दर्शकों ने भी फिल्म कहानी और अक्षय की अदाकारी को काफी सराहा। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी। शुरुआती तीन दिन अच्छा कारोबार करने के बाद अब चौथे दिन फिल्म की कमाई की रफ्तार धीमी हो गई है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, केसरी 2 ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी पहले सोमवार को 4.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसी के साथ भारत में फिल्म का कुल कारोबार 34 करोड़ रुपये हो गया है।

# नो एंट्री के सीक्वल में बिपाशा बसु की जगह लेंगी तमन्ना भाटिया

पिछले काफी समय से नो एंट्री का सीक्वल चर्चा में है। पिछले साल दिसंबर में इसके सीक्वल का ऐलान हुआ था। निर्माता बोनी कपूर ने घोषणा की थी कि फिल्म के सीक्वल में पुराने सितारे नजर नहीं आएंगे।

फिर खबर आई कि इसमें वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ की एंट्री हो गई है।

काफी समय से बिपाशा बासु वाली भूमिका के लिए हीरोइन की तलाश चल रही थी, जो अब तमन्ना भाटिया पर आकर खत्म हुई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, तमन्ना फिल्म में बिपाशा बसु वाला किरदार निभाएंगी। अजय देवगन की रेड 2 में अपने शानदार आइटम नंबर के लिए सुर्खियां बटोर रहीं तमन्ना की भूमिका फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाने में बेहद अहम भूमिका निभाएगी।

तमन्ना ने आधिकारिक रूप से इस फिल्म को साइन कर लिया है। वह इस मजेदार कॉमेडी फ्रैंचाइजी से जुड़कर बेहद उत्साहित हैं।

नो एंट्री के सीक्वल में फिल्मी दुनिया से जुड़ीं 10 नामचीन अभिनेत्रियां नजर आने वाली हैं।

तमन्ना के अलावा निर्माता एक और प्रमुख महिला भूमिका के लिए हीरामंडी में अहम भूमिका निभा चुकीं अभिनेत्री अदिति राव हैदरी के साथ बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, अभी यह नहीं पता कि उन्होंने इसके लिए हां की या नहीं। इस फिल्म के लिए श्रद्धा कपूर और पृथ्वीराज में नजर आईं मानुषी छिल्लर से भी संपर्क किया गया है।



# द रॉयल्स का ट्रेलर रिलीज, शाही अंदाज में दिखे ईशान खट्टर, सीरीज का प्रीमियर 9 मई से नेटफ्लिक्स पर होगा

नेटफ्लिक्स ने अपनी नई सीरीज द रॉयल्स का ट्रेलर लॉन्च कर दिया है। इस शो की कहानी मोरपुर शहर की है, जो अपनी भव्यता खो रहा है। यहां एक आकर्षक राजकुमार और एक महत्वाकांक्षी सीईओ मिलकर कुछ नया रचते हैं और आगे उनकी जिंदगी में कई दिलचस्प मोड़ आते हैं। यह सीरीज 9 मई को रिलीज होगी। सीरीज में ईशान खट्टर अविराज सिंह के रूप में नजर आएंगे। शो में वह पोलो खेलने वाले नए जमाने के राजकुमार के रूप में दिखेंगे। वहीं, भूमि पेडनेकर सोफिया एक दमदार सीईओ की भूमिका में नजर आएंगी। ट्रेलर लॉन्च में शामिल न हो पाने वाली दिग्गज अभिनेत्री जीनत अमान ने अपने लंबे करियर को याद करते हुए कहा, मैं आज भी नई भूमिकाओं को उतने ही उत्साह से अपनाती हूं। द रॉयल्स मेरे लिए ताजगी भरा और रचनात्मक अनुभव रहा। युवा कलाकारों की ऊर्जा और नए दृष्टिकोण ने सेट को जीवंत बनाया। मैं प्रीतीश नंदी कम्युनिकेशंस और नेटफ्लिक्स का शुक्रिया अदा करती हूं, जिन्होंने इस खूबसूरत प्रेम कहानी को जीवंत किया और मुझे इसमें शामिल किया। भूमि पेडनेकर ने उत्साह जताते हुए कहा, सोफिया का किरदार निभाना एक प्रेरक और जमीन से जुड़ा अनुभव था। नेटफ्लिक्स और प्रीतीश नंदी कम्युनिकेशंस के साथ द रॉयल्स में काम करना शानदार रहा। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को इसे देखने में उतना ही मजा आएगा, जितना हमें इसे बनाने में आया। ईशान खट्टर ने कहा, इतने शानदार और अनुभवी कलाकारों के साथ काम करना प्रेरणादायक था। यह मेरा नेटफ्लिक्स इंडिया के साथ पहला और ग्लोबल स्तर पर दूसरा प्रोजेक्ट है। मेरे लिए यह एक रोमांचक सफर रहा। द रॉयल्स एक ताजी, आधुनिक रोमांटिक-कॉमेडी सीरीज है। मोरपुर की दुनिया में दर्शकों को प्यार, ड्रामा और हंसी मिलेगी।

# कार्तिक आर्यन की नागजिला की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, रुह बाबा के बाद अब इच्छाधारी नाग बने अभिनेता

भूल भुलैया 3 में रूह बाबा बनकर कार्तिक आर्यन ने दर्शकों का दिल जीतने के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था. अब कार्तिक दर्शकों के लिए बड़ा सरप्राइज लेकर आए हैं. रूह बाबा के बाद अब कार्तिक आर्यन इच्छाधारी नाग बनने के लिए तैयार हैं.उन्होंने करण जौहर के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म नागजिला का एलान कर दिया है.

कार्तिक आर्यन अपकमिंग फिल्म में इच्छाधारी नाग का किरदार निभाने जा रहे हैं. एक्टर ने अपने सोशल मिडिया पर एक मोशन वीडियो शेयर किया जिसमें वे कह रहे हैं, इच्छाधारी नाग, रूप बदलने की शक्ति रखने वाले सांप, जैसे की मैं, प्रियम्वदेश्वर प्यारे चंद, उम्र 631 साल, इसानों वाली पिक्चरें तो बहुत देखीं होंगी, अब देखो नागों वाली पिक्चर, फन फैलाने आ रहा हूं नाग पंचमी पर, आपके नजदीकी सिनेमाघरों में. अनांसमेंट वीडियो के साथ कार्तिक ने कैप्शन लिखा, इंसानों वाली पिक्चरें तो बहुत देख लीं, अब देखो नागों वाली पिक्चर. नागजिला- नाग लोक का पहला कांड.. फन फैलाने आ रहा हूं मैं प्यारे चंद नाग पंचमी पर, आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 14 अगस्त 2026 को. कार्तिक आर्यन की इस फिल्म को करण जौहर, महावीर जैन, अदार पूनावाला, अपूर्व मेहता, मृगदीप सिंह लांबा और सुजीत जैन प्रोड्यूस कर रहे हैं. मोशन पोस्टर को देखकर लग रहा है फिल्म फुल एंटरटेनिंग होने वाली है. कार्तिक आर्यन की इस फिल्म को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं. एक यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, इस नाग के डसने पे किसी को दुख नहीं होगा. एक ने लिखा, नाग जी अब तो सारी नागिन आप पर फिदा होंगी. एक यूजर ने कमेंट किया, मोस्ट हैंडसम नाग. एक ने लिखा, मौनी रॉय मेल वर्जन. एक ने लिखा, एक ही नाग जिससे मैं डसवाना चाहती हूं. कार्तिक आर्यन फिलहाल मशहूर फिल्ममेकर अनुराग बसु के साथ अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट की तैयारी कर रहे हैं और इस बार वे साउथ स्टार श्रीलीला के साथ स्क्रीन शेयर कर रहे हैं जो इस फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं. फिल्म का टाइटल अभी रिवील नहीं किया गया है लेकिन चर्चा है कि यह एक रोमांटिक म्यूजिकल है. कार्तिक को एक दिल टूटे सिंगर के रूप में देखा गया, जबकि श्रीलीला उनकी लवर का रोल प्ले करेंगी.

**केसरी चैप्टर 2 बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 3: अक्षय कुमार की केसरी 2 ने मचाया धमाल, तीसरे दिन हुई 12.25 करोड़ की कमाई**

काफी समय से अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म केसरी: चैप्टर 2 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनकी यह फिल्म बीते 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली, वहीं दर्शकों ने भी फिल्म कहानी को काफी सराहा।

भले ही फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत काफी धीमी रही हो, लेकिन वीकेंड पर इसने खूब नोट छापे।

### जाट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 12: गोपीचंद की एक्शन थ्रिलर बनी सनी देओल की दूसरी 100 करोड़ी फिल्म

सनी देओल और रणदीप हुड्डा की मुख्य भूमिका वाली जाट ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दी है. इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए 12 दिन हो चुके हैं और इन 12 दिनों में इसने कई रिकॉर्ड्स तोड़े हैं. सनी देओल की इस रिकॉर्ड तोड़ फिल्म ने अब 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. जाट साउथ डायरेक्टर गोपीचंद मालिनेनी की बॉलीवुड में पहली फिल्म है. साथ ही सनी देओल और रणदीप हुड्डा की पहली जोड़ी भी है. सनी देओल, रणदीप हुड्डा और गोपीचंद मालिनेनी की तिकड़ी ने अपने फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा दिया है. इस तिकड़ी की एक्शन थ्रिलर जाट ने इन 12 दिनों में दुनियाभर में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. जाट ने पहले दिन लगभग 9.5 करोड़ रुपये की कमाई करके शानदार शुरुआत की. अपने पहले सप्ताह के अंत तक, जाट ने 61.65 करोड़ रुपये अपने खाते में जमा किए.

# फल और सब्जियां खरीदते समय इन 5 बातों का रखें ध्यान, मिलेंगे ताजे उत्पाद

फल और सब्जियां हर किसी के खान-पान का अहम हिस्सा हैं, लेकिन इन्हें खरीदते समय कई लोग गलतियां कर बैठते हैं, जिससे उन्हें ताजे उत्पाद नहीं मिल पाते हैं।

ताजे फल और सब्जियां खाने से शरीर को भरपूर पोषण मिलता है और कई बीमारियों से बचाव भी होता है।

इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे सुझाव बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आप बाजार से ताजे फल और सब्जियां खरीद सकते हैं।



मौसम के अनुसार चुनें फल और सब्जियां

फल और सब्जियां खरीदते समय मौसम का खास ध्यान रखें।

हर मौसम में अलग-अलग तरह के फल और सब्जियां होती हैं, जो ताजे और सेहतमंद होते हैं।

उदाहरण के लिए गर्मियों में तरबूज, खरबूज और ककड़ी जैसी ताजगी और पानी से भरपूर सब्जियां मिलती हैं, जबकि सर्दियों में गाजर, मेथी और मूली जैसी सब्जियां ताजगी से भरपूर होती हैं। इससे न सिर्फ आपको ताजे उत्पाद मिलेंगे बल्कि पैसे भी बचेंगे।

स्थानीय बाजार को दें प्राथमिकता

फल और सब्जियां खरीदने के लिए स्थानीय बाजार को प्राथमिकता दें।

स्थानीय बाजार में मिलने वाले फल और सब्जियां ताजे, पौष्टिक और सस्ते होते हैं। इसके अलावा स्थानीय उत्पादों की पैकेजिंग में कम रासायनिक तत्व होते हैं, जिससे आपकी सेहत पर बुरा असर नहीं पड़ता है।

स्थानीय बाजार में खरीदारी करने से आपको ताजे और अच्छी गुणवत्ता वाले उत्पाद मिलते हैं, जो आपके परिवार के लिए बेहतर होते हैं।

रंग और आकार पर ध्यान दें

फल और सब्जियां खरीदते समय उनके रंग और आकार पर ध्यान देना जरूरी है।

हमेशा चमकीले रंग की फल और सब्जियां चुनें क्योंकि ये अधिक पके हुए होते हैं और इनमें पोषक तत्व भी होते हैं।

आकार में छोटे और मध्यम आकार के फल और सब्जियां चुनें क्योंकि ये ताजे और स्वादिष्ट होते हैं। इससे आपको बाजार से हमेशा बेहतरीन गुणवत्ता वाले उत्पाद मिलेंगे और आपके परिवार की सेहत भी बेहतर रहेगी।

पैकेजिंग को न करें नजरअंदाज

अगर आप पैकेट बंद फल या सब्जियां खरीद रहे हैं तो उनकी पैकेजिंग पर खास ध्यान दें।

ऐसी पैकेजिंग वाली चीजें चुनें, जिनमें कोई अप्राकृतिक रंग और अप्राकृतिक तत्व न हों। बेहतर होगा कि आप ऐसी पैकेजिंग वाली चीजें खरीदें, जो पर्यावरण के अनुकूल हों। इससे पर्यावरण को भी नुकसान कम होगा और आपकी सेहत पर भी अच्छा असर पड़ेगा।

# वॉश बेसिन में क्यों होता है छोटा सा छेद? ज्यादातर लोगों को नहीं पता इसका जवाब, जानिए खबर में

अधिकांश लोगों के किचन में सिंक और बाथरूम या हॉल में वॉशबेसिन होता है. यह बहुत जरूरी भी है, क्योंकि अगर किचन में बेसिन नहीं होगा तो हम बर्तन कहां साफ करेंगे. इसी तरह अगर बाथरूम और हॉल में वॉशबेसिन नहीं होगा तो हम हाथ कहां साफ करेंगे और ब्रश कहा करेंगे? वहीं, यदि वॉशबेसिन ठीक से काम न करें तो सारा काम रुक जाता है. अगर लीकेज हो तो इनका इस्तेमाल नहीं हो पाता. सिंक हो या वॉशबेसिन, दोनों का डिजाइन लगभग एक जैसा ही होता है, लेकिन अगर आपने ध्यान से देखा होगा तो आपको वॉशबेसिन में नल के ठीक नीचे एक छोटा सा छेद नजर आया होगा. सिंक में ऐसा छेद नहीं लगाया जाता. क्या आपने कभी सोचा है कि वॉशबेसिन में ये छेद क्यों बनाया जाता है? अगर नहीं जानते तो यहां जान लीजिए...



1.इस छोटे छेद का मुख्य कार्य यह है कि यह पानी को ओवरफ्लो होने से रोकता है. जी हां, इस छोटे से छेद का प्राथमिक उद्देश्य पानी को वॉशबेसिन में ओवरफ्लो होने से रोकना है. यदि आप कभी नल बंद करना भूल जाते हैं या मुख्य नाली जाम हो जाती है, तो ओवरफ्लो छेद से एक्स्ट्रा पानी को वापस ड्रेनेज सिस्टम में भेज देता है, जिससे पानी फर्श पर नहीं भरता और आपके घर या बाथरूम के उपकरणों को संभावित पानी के नुकसान से बचाता है.

2.इस छोटे छेद का एक और कार्य यह है कि यह पानी को तेजी से निकालने में मदद करता है. ओवरफ्लो छेद हवा को जल ड्रेनेज सिस्टम में प्रवेश करने की भी अनुमति देता है, जो वैक्यूम प्रभाव को तोड़ता है जो पानी के फ्लो को धीमा कर सकता है. इसके साथ ही पानी को अधिक तेजी से और कुशलता से निकालने में सक्षम बनाता है.

3.जब पानी बहकर काउंटरटॉप या फर्श पर रह जाता है, तो यह नमी वाला वातावरण बनाता है, जो फफूंद और बैक्टीरिया की वृद्धि को कम करता है. ओवरफ्लो होल रूके हुए पानी को कम करने में मदद करता है, जिससे बाथरूम साफ और स्वस्थ रहता है.

4.यह छोटा सा छेद बच्चों और बुजुर्गों के लिए बहुत सुरक्षित माना जाता है. दरअसल, जिन घरों में बच्चे या बुजुर्ग होते हैं, वहां गलती से नल खुला छोड़ देना आसान होता है. ऐसे में ओवरफ्लो होल एक मूक रक्षक की तरह काम करता है, जो छोटी-छोटी गलतियों को बाढ़ जैसी बड़ी समस्या में बदलने से रोकता है.

## शब्द सामर्थ्य -027


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 026 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | बा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पनागर में रात शेखर गोटिया उम्र 35 वर्ष निवासी आजाद वार्ड गोटिया मंदिर रेल्वे फाटक के पहले पनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम वह बिसैंदी से भूसा का काम कर अपने घर आ रहा था रात लगभग 8-45 बजे जैसे ही रेल्वे फाटक पटनऊ अब्बू चाय दुकान के पास पहुँचा ग्राम पटनऊ निवासी तभी नीरज कोरी मिला और उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो नीरज कोरी गाली गलौज करते हुये डंडा से हमलाकर पैर में चोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग

# संरक्षा विभाग के नेतृत्व में रेल कोचों में फायर सेफ्टी से सम्बंधित सेमीनार आयोजित





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पश्चिम मध्य रेलवे के द्वारा रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए दिनांक 18.04.2025 से एक 15 दिवसीय रेलवे कोचों में अग्नि सुरक्षा विषय पर संरक्षा अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान पमरे के तीनों मंडलों में पश्चिम मध्य रेलवे के द्वारा अनुरक्षित एवं इसके क्षेत्र से गुजरने वाली समस्त ट्रेनों के कोचों में अग्नि से बचाव एवं अग्नि दुर्घटना के कारक बनने वाले कारणों की पहचान कर, इसकी रोकथाम हेतु संरक्षा ऑडिट किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मुख्यालय की संरक्षा शाखा के द्वारा जबलपुर मंडल के संरक्षा विभाग के साथ सामंजस्य करते हुए रेल कोचों में फायर सेफ्टी से सम्बंधित एक सेमीनार का आयोजन सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट, जबलपुर में किया गया। इस सेमीनार में जबलपुर मंडल के यांत्रिक, विद्युत, परिचालन, वाणिज्य, आरपीए, एसएण्डटी, लोको रनिंग, इंजीनियरिंग एवं टीआरडी विभाग के 100 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफलपूर्वक आयोजित करने में वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, जबलपुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी के द्वारा अपने उद्बोधन में समस्त रेल कर्मचारियों का आव्हान किया कि यात्रियों एवं रेल सम्पत्ति की सुरक्षा को सर्वोपरी मानते हुए अपना कार्य पूर्ण सजगता एवं सतर्कता के साथ करें तथा ना केवल कोचों में बल्कि रेलवे के अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों जैसे रेलवे स्टेशन, रिले रूम, आरआरआई आदि की अग्नि सुरक्षा पर भी बराबरी से ध्यान दें। सेमिनार के अन्तर्गत उप मुख्य संरक्षा अधिकारी (यांत्रिक) के द्वारा कोचों में फायर सेफ्टी पर पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया गया। जिसमें कि केस स्टडी के माध्यम से भारतीय रेलवे में विगत एक वर्ष में घटित अग्नि दुर्घटनाओं का विश्लेषण कर उनके मूल कारणों को विस्तृत रुप से समझाया गया, तथा इनसे जो सबक ग्रहण किये जा सकते हैं, उनकी जानकारी दी गयी। इसके अलावा पार्सल में प्रतिबंधित सामग्री तथा रेड टेरिफ की सूचि में वर्णित अग्नि की दृष्टि से संवेदनशील एवं यात्री ट्रेनों में परिवहन हेतु प्रतिबंधित सामग्री तथा इस प्रकार की सामग्री के परिवहन के संबंध में रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देश की भी जानकारी उपस्थित रेल कर्मचारियों को दी गई। रेलवे कोचों, पेन्ट्री कार एवं पावर कार आदि में अग्नि से बचाव तथा अग्नि एवं धुंयें का पता लगाने एवं आग को ऑटोमेटिकली बुझाने में सहयोग करने हेतु लगे हुए फायर एवं स्मोक डिटेक्शन प्रणाली तथा फायर डिटेक्शन एवं सप्रेशन प्रणाली तथा ट्रेनों में रखे गये विभिन्न प्रकार के अग्निशामकों का प्रयोग करने के संबंध में उपयोगी वीडियों के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई।

**4 खतरनाक निर्माण हटाकर मानव जीवन को किया गया सुरक्षित**

# एम.पी. ट्रांसको का एकस्ट्रा हाईटेंशन लाइन के समीप बने घातक अनाधिकृत निर्माणों को हटाने का अभियान जारी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) द्वारा भोपाल में एकस्ट्रा हाईटेंशन लाइन के समीप निर्धारित सुरक्षा मापदंडों की अवहेलना कर किए गए, मानव जीवन के लिए घातक अनाधिकृत निर्माणों को हटाने का अभियान निरंतर जारी है। विगत दिवस हुई दुर्घटना के पश्चात खतरनाक रहवासी मकानों को हटाने के बाद, अब भोपाल में चार और अनाधिकृत निर्माणों को विधिवत कार्रवाई करते हुए ध्वस्त कर दिया गया। ये निर्माण शारदा नगर क्षेत्र में 132 के.व्ही. भोपाल-लालघाटी एकस्ट्रा हाईटेंशन लाइन के निकट इंडक्शन ज़ोन की परिधि में किए गए थे। चार निर्माण हटाए गए-एम.पी. ट्रांसको भोपाल के कार्यपालन अभियंता श्री रविशंकर ने बताया कि नारियलखेड़ा, शारदा नगर, गली नंबर 13 में कुछ रहवासियों द्वारा सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर अनाधिकृत निर्माण किए गए थे। पूर्व में नोटिस दिए जाने के बावजूद जब इन निर्माणों को मकान मालिकों द्वारा नहीं हटाया गया, तब एम.पी. ट्रांसको ने विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए इन्हें ध्वस्त कर दिया। यह कदम संभावित विद्युत दुर्घटनाओं की आशंका को समाप्त करने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु उठाया गया। अभियान रहेगा जारी-श्री रविशंकर ने बताया कि भोपाल में एकस्ट्रा हाईटेंशन ट्रांसमिशन लाइनों के समीप बने सभी ऐसे अनाधिकृत और घातक निर्माणों को चिन्हित कर उन्हें हटाया जा रहा है, ताकि इन लाइनों के संपर्क या इंडक्शन ज़ोन में आने से होने वाली दुर्घटनाओं की संभावनाओं को पूरी तरह समाप्त किया जा सके।

# रेलवे की मदद से कैंसर पीड़ित यात्री की बचाई गई जान



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सहरसा से मुम्बई जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस से मुंबई जा रहे एक रेल यात्री की रेलवे की मदद से बचाई गई जान। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉक्टर मधुर वर्मा ने बताया कि आज लगभग 09:56 बजे एक 53 वर्ष के कैंसर पीड़ित यात्री रविन्द्र राम जो गाड़ी संख्या 05595 अमृत भारत एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे है जो कैंसर से ग्रसित हैं ट्रीटमेंट के लिए मुंबई जा रहे हैं जबलपुर स्टेशन पहुचने से पहले रेल मदद पोर्टल द्वारा यह सूचना दी गयी की कोच एस-07 में एक कैंसर से पीड़ित यात्री मुंबई जा रहे हैं उनके हाथ पर ष्टह्हहरु जाम हो गया है हाथ पर सूजन आ गई है बदलवाना चाहते हैं एवं नेबुलाइजर मशीन से उनका भाप लेना है। सीनियर डीसीएम के निर्देशन पर स्टेशन ड्यूटी पर उपस्थित उप स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य ) की सहायता से जबलपुर आने से पहले ही रेलवे हॉस्पिटल कैजुअल्टी में सूचित किया गया डॉ. सौरभ ने गाड़ी आगमन पर यात्री को ट्रेन से बाहर निकाल कर प्लेटफार्म पर स्थित कैंटीन से बिजली की सप्लाई लेकर डॉ ने उपचार प्रदान किया क्योंकि जिस मशीन से उन्हें सांस दी जानी थी उसे 220 वोल्ट,ष्ट पावर चाहिए था। उपचार के उपरांत गाड़ी का प्रस्थान गंतव्य के लिए किया गया ।

यात्री को रेल प्रशासन द्वारा की गई इस मदद के लिए संबंधित महिला यात्री के परिवार ने रेल प्रशासन को धन्यवाद एवं आभार प्रगट किया।

**जलप्रदाय योजना के कार्यों को उच्चगुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराऍं - निगमायुक्त प्रीति यादव**

# नागरिकों को दोनों समय स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति कराना ही नगर निगम की है प्राथमिकता - निगमायुक्त

**अमृत 2.0 के कार्यों की निगमायुक्त द्वारा समीक्षा- कार्यों की धीमी गति पर जताई नाराजगी**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अमृत 2.0 जलप्रदाय योजना के अंतर्गत गौरीघाट रोड़ के अलावा, ललपुर जलशोधन संयंत्र के समीप इंटेकवेल का निर्माण, उच्चस्तरीय पानी की टंकियों का निर्माण, पाइप लाइन का विस्तारीकरण, रॉ वाटर राइजिंग मेन लाइन के साथ-साथ किलियर वाटर राइजिंग मेन, डिस्ट्रीब्युशन पाइप लाइन, री-सर्कुलेशन संप, रिट्रो फिटिंग एवं स्काडा प्रोग्राम आदि कार्य नगर निगम द्वारा कराये जा रहे हैं, जिसकी समीक्षा आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा की गयी। समीक्षा बैठक के दौरान कार्यों की धीमी गति पर निगमायुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई और जो पूर्व से समय निर्धारित है, पूर्व निर्धारित समय सीमा में ही उच्च गुणवत्ता के साथ कार्यो को पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों के अलावा कंसल्टेंट एवं ठेकेदारों को दिये। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने सर्वाधिक प्रमुख कार्य गौरीघाट रोड़ स्थित जो पाइप लाइन का कार्य किया जा रहा है, उन कार्यो को वर्षाऋतु के पूर्व हर हॉल में पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इसके अलावा भी जहॉं-जहॉं जलप्रदाय योजना के अंतर्गत निर्माण एवं सुधार के कार्य कराये जा रहे हैं उन सभी कार्यो को भी निगरानी रखने और समय सीमा में ही पूर्ण कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अमृत 2.0 जलप्रदाय योजना शहर के नागरिकों के लिए वास्तविक रूप से अमृत योजना है, इसका महत्व नागरिकों के लिए विशेष है और शासन की भी मंशा है कि अमृत 2.0 के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति संबंधी जितने भी कार्य प्रचलित हैं उन सभी प्रचलित कार्यो को शीघ्रता के साथ पूर्ण कराकर नागरिकों को दोनो समय स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना ही शासन और नगर निगम की प्राथमिकता है। इसलिए आप सभी गंभीरता के साथ इस योजना को लें और कार्यो को समय सीमा में ही पूर्ण कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। बैठक में कार्यपालन यंत्री जल कमलेश श्रीवास्तव, जलशोधन संयंत्र प्रभारी एवं तकनीकी अधिकारी राजेश खम्परिया, के अलावा कंसल्टेंट एवं ठेकेदार के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# गर्मी में भी शिक्षकों का प्रयास- बच्चों को स्कूल भेजने के लिए घर-घर संपर्क



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सिहोरा ....शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए, सिहोरा विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद धुर्वे बीआरसी बृजेश श्रीवास्तव, बी ए सी अश्वनी उपाध्याय, राकेश मिश्रा द्वारा बच्चों को स्कूल भेजने शिक्षकों गृह संपर्क करने कहा गया है। इसी तारतम्य में जनशिक्षा केंद्र खितौला बाजार के अंतर्गत प्राचार्य जे एल खांडे,जनशिक्षक श्यामराव मांडेलकर के दिशा निर्देशन में वार्ड नंबर 13 , वार्ड नंबर 14 लखराम, वार्ड 15 खितौला बाजार, वार्ड 16,17 में शासकीय प्राथमिक शाला लखराम, उमरिया नाका और माध्यमिक शाला खितौला बस्ती के शिक्षकों द्वारा गर्मी में भी सक्रिय रूप से बसाहटों में गृह संपर्क कर रहे हैं। शिक्षक अभिभावकों से मिलकर बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने का आग्रह कर रहे हैं, ताकि उनकी पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा न आए। हालांकि, शिक्षकों के इस प्रयास में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश अभिभावक भीषण गर्मी का हवाला देते हुए बच्चों को स्कूल भेजने में असमर्थता जता रहे हैं। कुछ माता-पिता ने बताया कि वे स्वयं मजदूरी या अन्य कार्यों पर जाते हैं, जिसके कारण बच्चों की देखभाल करने वाला कोई नहीं है। वहीं, कई बच्चे गर्मी की छुट्टियों में अपने नाना-नानी के घर गए हुए हैं। शिक्षकों का कहना है कि वे अभिभावकों को शिक्षा के महत्व और नियमित स्कूल आने के फायदों के बारे में समझा रहे हैं। वहीं अभिभावकों ने कहा हैं कि स्कूलों में बच्चों को पढ़ाई कराने के लिए शिक्षकों का यह समर्पण सराहनीय है, जो भीषण गर्मी के दौरान भी बच्चों की शिक्षा के प्रति चिंतित हैं और उन्हें विद्यालय से जोड़े रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। अब देखना यह है कि शिक्षकों के इस प्रयास का अभिभावकों पर असर हुआ है कि शालाओं में कुछ बच्चे नियमित रूप से स्कूल पहुंचते हैं। गृह संपर्क में सक्रिय शिक्षकों में योगेन्द्र कुमार मिश्रा, तहमीना बानो अंसारी, जय प्रकाश तिवारी,मंजू दुबे, सरोज पटेल, अतिथि शिक्षक योगेश्वरी श्रीवास्तव, बलराम बर्मन, लीलावती उरमलिया, माया विश्वकर्मा, धनवंती जैसवानी, माया विश्वकर्मा,सरोज गौतम , विष्णु पटेल, ममता पाण्डे, विजय लक्ष्मी सोनी, रेखा देवी गर्ग , प्राथमिक शाला डाबू में निर्मल सोनी, सुशीला कोरी सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं।



# गायत्री परिवार ने निकाला मौन मार्च, दी श्रद्धांजलि

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अखिल विश्व गायत्री परिवार जबलपुर के द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृत हुए नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए मौन मार्च एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन वन्देमातरम चौक सिविक सेन्टर में किया गया। इस दुख की घड़ी में शामिल स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी महाराज ने कहा कि देश का हर एक नागरिक पहलगाम के आतंकी हमले से दुखित है सरकार की ओर सख्त से सख्त कार्यवाही आतंकवाद पर कड़े प्रहार की नजर से देख रहा है। श्रद्धाजंलि सभा में सनातन धर्म महासभा के उपाध्यक्ष शरद काबरा, गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी बी बी शर्मा आदि मौजूद रहे।

# ईसाई समुदाय के प्रमुख पोप फ्रांसिस की आत्मशांति हेतु प्राथना सभा सम्पन्न हुई







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जैसा की विदित है की कैथलिक ईसाई समुदाय के प्रमुख परम श्रधेय संत पापा फ्रांसीस का दु:खद निधनं 21 अप्रैल 2025 को रोम मैं हो गया था, उनकी आत्मशांति एवेंम श्रद्धांजलि अप्रित करने हेतु हमारे जबलपुर धर्मप्रांत के महागिरिजा घर सन्त पीटर एंड पॉल कैथड्रल सदर जबलपुर में आज शुक्रवार 25 अप्रैल को संध्या 6 .30 से पवित्र मिस्सा बलिदान अर्पित किया गया, आज का मिस्सा बलिदान व श्रद्धाजली कार्यक्रम के मुख्य याजक परम श्रधेय जेरॉल्ड अलमेड़ा सेवानिवृत्त एवेंम अन्य पुरोहितों द्वारा अर्पित किया गया आप ने अपने प्रवचन मैं लोगो को शिक्षा दी की धर्मियों की आत्मा हमेशा ईश्वर के साथ जीवित रह्वती है, साथ ही जो व्यक्ति जितना बड़ा है उसे उतना ही नम्र होना चाहिए, आज के इस पवित्र पावन मिस्सा में पल्लीपुरोहित डॉ फादर डेविस जोर्ज ने अपने उपदेश मै बताया की उन्होंने बातावरण की कैसे रक्छा करना है एवेंम उनके चलाए आशा के यात्री बर्ष की भी सराहना की,

उन्होंने किस प्रकार दाम्पत्य जीवन में एक दूसरे के मजबूत सबन्ध को भी याद दिलाया सह पल्लीपुरोहित जोनस मरकाम, डॉ बेन अंतोन रोज़ , पल्ली सचिव फेलिक्स बारला, जॉन डेविड, मनोज अन्थोनी, रेशलु पीटर, जूसिया, एवम अधिक संख्या में भक्ति मय बातावरण भक्तजन उपस्थित रहे..

**ओशो होम आश्रम पहुंचे बॉलीवुड के जाने-माने गीतकार और फिल्म मेकर संदीप नाथ, बोले- जबलपुर में भी करेंगे शूटिंग**

# फिल्म इंडस्ट्री को कई सुपरहिट गीत देने वाले गीतकार को भा गई भेड़ाघाट की लोकेशन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) ।अपने गीतों से लोगों के दिलों में एक खास जगह बनाने वाले बॉलीवुड के जाने-माने गीतकार औरि फल्ममेकर संदीप नाथ जबलपुर पहुंचे हैं। स्वरकोकिला लता मंगेशकर, पार्श्व गायिका आशा भोसले से लेकर श्रेया घोषाल ने इनके गीतों को अपनी मधुर आवाज दी है। श्री नाथ ने शुक्रवार को ओशो होमआश्रम में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि वे संस्कारधानी पहले भी आ चुके हैं। वे नर्मदा किनारे ओशो की नगरी पहुंचकर बेहद आनंदित हैं, ओशो होम आश्रम पहुंचकर उनके मन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है, वे यहां बहुत अपनापन महसूस कर रहे हैं। लेखन के बाद अब संदीप फिल्म निर्माण के क्षेत्र में भी कदम रख चुके हैं। उन्होंने हाल ही में फिल्म जनता के बॉस निर्देशित की है, जिसमें संजय मिश्रा, राजेश शर्मा, इनामउलहक व ज्योति सेठी जैसे वरिष्ठ कलाकार हैं, फिल्म की शूटिंग भोपाल में हुई है। बॉलीवुड फिल्मकार संदीप बताते हैं कि वे दो फिल्में लिख रहे हैं, जिनमें से एक की शूटिंग पन्ना और एक फिल्म की शूटिंग जबलपुर में होगी। उन्होंने इसके लिए लोकेशन्स भी देखी हैं। वे नर्मदा किनारे एक गीत भी शूट करेंगे।

**80 से ज्यादा फिल्में लिखीं**

कभी पेशे से वकील और पत्रकार रह चुके फिल्म मेकर संदीप पेज 3, आशिकी 2, पान सिंह तोमर, कॉर्पोरेट, सिंघम रिटर्न समेत करीब 80 फिल्मों में लेखन कर चुके हैं, वहीं लताजी ने उनका लिखे गीत कितने अजीब रिश्ते...को अपने सुरों से सजाया है, वहीं सिने जगत की महान गायिका आशा भोसले ने पेज 3 में ही हुजूर हुजूर ए आला... को आवाज दी है। हर दिल की धड़कन बन चुका सुन रहा है न तू...गीत पार्श्व गायिका श्रेया घोषाल के सबसे हिट गीतों में से है। दिल को छू लेने वाला गीत पहले नहीं थी ये चांदनी ... सरकार फिल्म का गोविंदा गोविंदा...भी संदीप की कलम से रचे गए हैं। उन्होंने कई प्रसिद्ध धारावाहिक भी लिखे हैं। उनका लिखा कविता संग्रह मुझको कुछ भी नाम दो% व गजल संग्रह दर्पण अब भी आधा है% भी काफी लोकप्रिय है।

**हमारी दोस्ती बहुत पुरानी**

ओशो होम आश्रम के संचालक स्वामी श्रीला प्रेम पारस ने बताया कि बॉलीवुड को कई हिट गीत देने वाले संदीप से उनकी दोस्ती बहुत पुरानी है। मुंबई में उन्होंने साथ काम किया है। वे जबलपुर में फिल्म शूटिंग में उन्हें पूर्ण सहयोग देंगे।


## एमपी पावर की कबड्डी टीम घोषित

जबलपुर। 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल कबड्डी प्रतियोगिता के लिए एमपी पावर की 12 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी गई है। इस प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 29 अप्रैल तक शिमला में किया गया है। टीम में जबलपुर के अमरचंद कुशवाहा, शभम भलावी, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर लाल बहादुर सिंह, सोनू कुशराम, अरविंद यादव, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया के आशीष कुनवदे, नीलेश यादव, रवीन्द्र मंडलोई, तोताराम जाधव, ग्वालियर के आशीष शुक्ला, बैढ़न के ब्रजेश कुशवाहा व गरोठ के रवि बडोदिया। टीम के कोच अजय तिवारी व मैनेजर आलोक श्रीवास्तव होंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एमपी पावर की टीम शुक्रवार को शिमला रवाना हो गई।

## वीयू- शैक्षणिक, अनुसंधान अनुबंध को सुदृढ़ करने हेतु रुस विश्वविद्यालय के रिक्टर का संस्कारधानी आगमन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में आज दिनांक 25 अप्रैल 2025 को रुस की सेंट पीटर्सवर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेटेरिनरी मेडिसिन से यूनिवर्सिटी रेक्टर श्री क्रिल प्लानिआसो एवं वाइस रेक्टर श्री जार्ज निकिटन का आगमन हुआ , जिनका स्वागत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो मनदीप शर्मा जी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया, इस दौरान माननीय कुलपति जी ने कहा कि इससे ऐसे सम्मेलनों के माध्यम से छात्रों, वैज्ञानिकों एवं विषय विशेषज्ञों के मध्य तकनीकी एवं व्यवहारिक ज्ञान का आदान प्रदान होता है साथ वैश्विक स्तर पर व्याप्त समस्याओं का निराकरण करने में मदद मिलती है, रुस से आए हुए यूनिवर्सिटी रेक्टर श्री क्रिल ने अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि ऐसे सम्मेलनों से न सिर्फ अंतर्देशीय संबंध मजबूत होते हैं, बल्कि छात्रों एवं वैज्ञानिकों को वन्यजीव एवं उनसे संबद्ध पर्यावरणीय कारकों को समझने एवं उन पर अपने विचार अभिव्यक्त करने का समुचित अवसर भी प्रदान करता है, ।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना बरेला में रात्रि सरफ़राज खान उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 8 थाना के पीछे बरेला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह गाड़ी बनाने का काम करता है शाम लगभग 6-45 बजे अपनी दुकान में था अरसद खान भी उसकी दुकान में था तभी सुजल जैन अपने साथियों के साथ कार से उतरा, सुजल जैन के साथी मुंह बांधे हुये थे सुजल जैन के साथियों ने भय कारित करने लिये पिस्टल से 2 हवाई फ़ायर किया और सुजल जैन ने पुरानी रंजिश पर उसे बेसबाल के डंडे से मारने की धमकी देते हुये हाथ में मारकर चोट पहुँचा दी,

### युवक ने एएसपी को वीडियो देकर कहा पुलिस कर्मी तमाशा देखते रहे

# निकाह के बाद पत्नी का पुलिस चौकी के सामने अपहरण





**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** जबलपुर में बघराजी कुण्डम पुलिस चौकी के सामने से नवविवाहिता को कार सवार अपहरण कर ले गए. सामने खड़ी पुलिस मूक दर्शक बनी रही. इस आशय के आरोप लगातेए हुए एक शिकायत समीर नामक युवक ने एएसपी सूर्यकांत शर्मा से की है, उन्हे एक वीडियो भी सौंपा है. समीर का कहना है कि अब मेरी बीबी का मोबाइल फोन भी बंद है, डर है कि कहीं उसे कुछ हो न गया हो. समीर अपनी पत्नी रुखसार की तलाश में दर-दर भटक रहा है.

बघराजी निवासी समीर खान ने बताया कि 24 मार्च को उमरिया जिले के चंदिया गांव निवासी 18 वर्षीय रुखसार खान से शादी की थी. निकाह दोनों की मर्जी से हुआ, लेकिन शादी के कुछ दिनों बाद ही समीर को बघराजी चौकी में कथन देने के लिए बुलाया गया. समीर का कहना है कि 17 अप्रैल की शाम को जब वह पत्नी के साथ चौकी पहुंचा तो वहां पहले से एक सफेद कार खड़ी थी. कार में बैठे लोगों ने उसे देखते ही मारपीट शुरू कर दी. जब तक वह कुछ समझ पाता इससे पहले कुछ लोग पत्नी रुखसार को जबरन कार में बैठाकर फरार हो गए. यह सब कुछ पुलिस के सामने हुआ. लेकिन चौकी में तैनात पुलिसकर्मियों ने सिर्फ मूकदर्शक की भूमिका निभाई. समीर ने एएसपी सूर्यकांत शर्मा को शिकायत देते हुए वीडियों भी दिखाया है, जिसमें साफ दिख रहा है कि कुछ लोग एक युवती को जबरन कार में बैठाकर ले जा रहे हैं. पुलिस ने वहां रहते हुए भी कोई हस्तक्षेप नहीं की. समीर का कहना है कि 23 अप्रैल को उसे जानकारी मिली कि रुखसार सतना के किसी अस्पताल में भर्ती है. वह तत्काल वहां पहुंचा लेकिन रुखसार वहां नहीं मिली. समीर का आरोप है कि पुलिस ने कोर्ट में भी झूठा प्रतिवेदन दिया, जिसमें बताया गया कि रुखसार सतना की निवासी है जबकि असल में वह उमरिया जिले के ग्राम सुनारी की रहने वाली है. युवक का दावा है कि उसकी पत्नी को सुनारी गांव में ही बंधक बनाकर रखा गया है. उसने 23 अप्रैल की रात को थाना चंदिया पहुंचकर बताया कि डाक्टर एमएच खान जो कि रुखसार के पिता हैं उन्होने उसे घर में कैद कर रखा है, लेकिन पुलिस ने यह कहकर टाल दिया कि वह इलाका उनके थाना क्षेत्र में नहीं आता. इस मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच कराई जा रही है, जांच में पुलिस कर्मियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई तो दोषियों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि युवती की लोकेशन और स्थिति की पुष्टि के लिए पुलिस टीम को तुरंत उमरिया भेजा गया है. दोनों पक्षों के बयान लेने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

# एएसआई को दी वर्दी उतरवाने की धमकी

### पिता का चालान काटने पर तिलमिलाया बेटा



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** धनवंतरी नगर चौकी क्षेत्र में सुबह ट्रैफिक पुलिस द्वारा की जा रही वाहन चेकिंग के दौरान एक अप्रत्याशित हंगामा देखने को मिला। बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चला रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति का चालान काटे जाने पर उसका बेटा गुस्से में आगबबूला हो गया और मौके पर पहुंचकर ड्यूटी में लगे एएसआई को वर्दी उतरवाने की धमकी देने लगा। घटना संजीवनी नगर थाना अंतर्गत अंधमुख बाईपास की है, जहां गढ़ा ट्रैफिक थाने के एएसआई शिवचरण दुबे (60) अपने स्टाफ के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 जेड एच 3385 को रोका गया, जिसे केसरी सागर सेन निवासी सूखा शहपुरा चला रहे थे। हेलमेट न पहनने पर पुलिस ने चालान की कार्रवाई की, जिससे नाराज होकर बुजुर्ग वहां से चले गए और उन्होंने घटना की जानकारी अपने बेटे अंकित सेन (निवासी गुजराती कॉलोनी) को दी।

**गुस्साए बेटे ने दी धमकी**

जानकारी मिलते ही अंकित कुछ साथियों को लेकर चेकिंग स्थल पर पहुंचा और एएसआई शिवचरण दुबे से बहस शुरू कर दी। उसने उन्हें खुलेआम धमकी दी कि - वर्दी उतरवा दूंगा!। इसके अलावा, जब मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी विनीत ने इस घटनाक्रम का वीडियो बनाना चाहा, तो आरोपी अंकित ने उसका मोबाइल भी छीनकर फेंक दिया और धमकाते हुए मौके से फरार हो गया।

**पुलिस ने दर्ज किया मामला**

घटना की सूचना मिलते ही संजीवनी नगर थाने की धनवंतरी नगर पुलिस चौकी में एएसआई शिवचरण दुबे की शिकायत पर अंकित सेन के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, धमकी देने, और मारपीट की कोशिश सहित कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## झारखंड से लापता आदिवासी युवती 3 महीने बाद जबलपुर में मिली



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** सोशल मीडिया ने एक बार फिर मानवता और तकनीक का अद्भुत संगम दिखाया है। झारखंड के साहिबगंज जिले से लापता एक आदिवासी युवती को जबलपुर में ढूंढ निकाला गया और उसे उसके परिजनों से मिलाया गया। यह युवती करीब तीन महीने पहले लापता हो गई थी और उसे जबलपुर के बेलखाडू थाना क्षेत्र में पुलिस ने पाया था। प्रारंभिक जांच के बाद उसे मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया और फिर मोक्ष आश्रय स्थल में रखा गया। यहां वह तीन महीने तक रही। मोक्ष आश्रय के संचालक आशीष ठाकुर ने लगातार युवती से संवाद स्थापित करने की कोशिश की। भाषा की कठिनाई और मानसिक स्थिति के कारण युवती को ज्यादा कुछ याद नहीं था, पर लगातार प्रयास के बाद वह अपने गांव और माता-पिता का नाम बता सकी।

इसके बाद आशीष ठाकुर ने युवती का एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया। यह वीडियो झारखंड के आमदंडा गांव में उसके फूफा ने देखा और उसे तुरंत पहचान लिया। वे तत्काल जबलपुर पहुंचे और आशीष ठाकुर से संपर्क किया। फूफा ने बताया कि युवती की मां खेतों में मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करती हैं, जबकि पिता का पहले ही देहांत हो चुका है। जिला बाल कल्याण समिति को जैसे ही जानकारी मिली, उन्होंने युवती को बुलाकर काउंसलिंग की और परिजनों के साथ मिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

## केंद्रीय कारागार के पास भारी नीम का पेड़ गिरा, कई जेलकर्मी और परिजन घायल





**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस केंद्रीय कारागार से पुलिस लाइन की ओर जाने वाले मार्ग पर बड़ा हादसा हो गया।

कारागार की सीमा के पास स्थित तीन जर्जर मकानों पर एक भारी-भरकम नीम का पेड़ अचानक गिर पड़ा। यह हादसा सुबह करीब 4 बजे हुआ, जिसमें जेल कर्मचारियों और उनके परिवार के कई सदस्य चपेट में आ गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पेड़ गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग घबरा गए और मदद के लिए दौड़े। पेड़ की चपेट में आने से मकानों को काफी नुकसान पहुंचा और उसमें रह रहे लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हैरानी की बात यह रही कि घटना की सूचना तत्काल जेल प्रशासन को दे दी गई थी, लेकिन उसके बावजूद सुबह 8:30 बजे तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इस दौरान स्थानीय लोगों और परिजनों ने घायलों को जैसे-तैसे अस्पताल पहुंचाया। पीड़ितों के अनुसार, इन जर्जर मकानों की हालत पहले से ही खराब थी और नीम का पेड़ काफी समय से खतरे की स्थिति में था, लेकिन इसकी सूचना कई बार देने के बावजूद प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया। प्रशासन की लापरवाही को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराज़गी है। उनका कहना है कि यदि समय रहते पेड़ को काट दिया जाता या मकानों की स्थिति पर ध्यान दिया जाता, तो यह हादसा टाला जा सकता था। घटना के कई घंटे बाद नगर निगम और जेल प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और पेड़ को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। घायलों का इलाज सरकारी अस्पताल में चल रहा है। घायलों के परिजनों ने प्रशासन से मुआवज़े की मांग की है।

# मकान निर्माण को लेकर विवाद, ठेकेदार और लेबर से मारपीट



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** मानेगांव रांझी स्थित डी.डी. कॉलोनी में एक निर्माणाधीन मकान को लेकर को बड़ा विवाद खड़ा हो गया। आरोप है कि ज्योति कपूर पत्नी आशीष कपूर के मकान में निर्माण कार्य के दौरान देव प्रकाश दुबे, आशीष दुबे, चंद्रभूषण तिवारी और सूर्या नामक व्यक्तियों ने ठेकेदार और मजदूरों से मारपीट की। जानकारी के मुताबिक इन लोगों ने लोहे की रॉड से हमला कर एक मजदूर के सिर पर गंभीर चोट पहुंचाई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मारपीट के दौरान ठेकेदार और लेबर को जातिसूचक गालियां भी दी गईं। बताया जा रहा है कि ये मजदूर आदिवासी और अनुसूचित जाति वर्ग से हैं। मारपीट करने वाले लोगों ने जान से मारने की धमकी भी दी और मकान निर्माण कार्य को जबरन रोकने की कोशिश की। विवाद उस समय और बढ़ गया जब आरोपियों ने निर्माणाधीन प्लांट के लिए खोदे गए गड्ढों में ईंट और मिट्टी डाल दी, जिससे काम में बाधा उत्पन्न हुई। इसके साथ ही आरोपियों ने प्लांट मालिक ज्योति कपूर और उनके पति आशीष कपूर से भी गाली-गलौज की। घटना की जानकारी ज्योति कपूर और ठेकेदार ने तत्काल प्लांट विक्रेताओं चंद्रप्रकाश दुबे और सुधीर दुबे को दी। दोनों घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित पक्ष के साथ थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों को थाने ले जाकर पूछताछ शुरू की। स्थानीय लोगों का कहना है कि देव प्रकाश दुबे और उनके साथी पहले भी कई विवादों में शामिल रहे हैं। छह महीने पूर्व खमरिया बाजार में एक सोनी परिवार के साथ मारपीट की थी, जिसका वीडियो भी उपलब्ध है। इनके विरुद्ध पूर्व में दो बार एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्यवाही हो चुकी है, फिर भी जमानत पर छूटने के बाद ये लगातार अपराध करते आ रहे हैं।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जबलपुर- । थाना शहपुरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिजना निवासी धनपत मल्लाह के 40 वर्षीय पुत्र हरि मल्लाह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार धनपत मल्लाह कृपाल पटेल के खेत में रहकर मजदूरी करते हैं। घटना के समय उनकी पत्नी रिश्तेदारी में गई हुई थी और वे स्वयं ग्राम मगरमुहा गए हुए थे। घर पर केवल उनका बेटा हरि मल्लाह मौजूद था। जब धनपत अपने भतीजे के साथ कृपाल पटेल के मकान पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि हरि मल्लाह ने मकान की बल्ली से कपड़े के सहारे फांसी लगा ली थी।

## स्विफ्ट डिजायर में कर रहे थे शराब की तस्करी, पुलिस ने दबोचा



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** थाना गोरखपुर पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को स्विफ्ट डिजायर कार में भारी मात्रा में देशी शराब ले जाते रंगे हाथ पकड़ा है। थाना प्रभारी नितिन कमल ने जानकारी दी कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर (क्रमांक स्क्क 20 ँक्क 6824) में भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर तिलवारा-नयागांव होते हुए सिद्धनाथ पहाड़ी की ओर जा रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने रामपुर के पास सिद्धनाथ पहाड़ी के समीप दबिश दी। बताए गए वाहन को रोकने पर उसमें दो युवक सवार मिले। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम पवन चक्रवर्ती (उम्र 26), निवासी कुम्हार मोहल्ला गोरखपुर और दूसरा विशाल यादव (उम्र 26), निवासी चौधरी मोहल्ला गली नंबर 3, ग्वारीघाट बताया।

## शरद यादव विचार मंच एवं समाजवादी मंच के द्वारा पहलगाम पर्यटको की हत्या पर घोर निंदा, कर श्रद्धांजलि अर्पित की

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** जम्मू और कश्मीर राज्य के पहलगाम में पर्यटन के लिए गए हुए निर्दोष पर्यटकों पर पाकिस्तानी आतंकवादियों के द्वारा गोली चलाकर निर्मम हत्या जो की गई , वह निंदनीय है। जिसको माफ नहीं किया जा सकता भारत के अंदर धर्म के नाम पर हिंदू और मुसलमानो को आपस में लड़ा कर गृह युद्ध पैदा करने की साजिश रची जा रही है वह कभी कामयाब नही होगी। आज पहलगाम में शहीद हुए पर्यटकों एवं उनके लिए जांबाजी से लड़ते हुए शहीद हुये भारतीय नागरिक को श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आदर्श नगर कालोनी ग्वारीघाट में रखा गया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई जिसमें शरद यादव विचार मंच, समाजवादी मंच के संयोजक रामरतन यादव, बैजनाथ कुशवाहा, घनश्याम यादव, अधिवक्ता सुधीर शर्मा, सरमन रजक अरविंद पैगवार, एडवोकेट नरेश चक्रवर्ती, रमेश रजक, तजविंदर सिंह,टीटू अनुराग सिंह ठाकुर एडवोकेट, धीरज सिंह, श्रीमती ज्ञानवती वर्मा, डॉक्टर मुस्ताक मंसूरी, इफ्तिखार अहमद, रिजवान अंसारी ,आकाश यादव , दयाल चंद्र यादव, राजेश पराग, डॉ बालमुकुंद यादव,सुनील तिवारी,देवेंद्र यादव, संजय जैन, राजाराम चौधरी, मुरारी लाल चक्रवर्ती, प्रमोद सेन एवं अन्य शरद यादव विचार मंच एवं समाजवादी मंच के समाजसेवियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2025-26/ एम/723/ दिनांक 25.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री भगत लाल पयासी, पिता- स्व. श्री रामदीन पयासी,** ने मकान नं. 2132 पिन नं............**वार्ड सेठ गोविंद दास वार्ड** , भूतल आर.सी.सी. 1124 व.फु., सीमेन्ट टीन 250 व.फु. , **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2132 बड़ी संतोषी माता मंदिर के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-16, नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/राजस्व./ सं.क्र.16/ 2025-26/ एम....... दिनांक- 24.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रूकैया तनवीर, पति- मो. जीशान उद्दीन, नौशीन मुस्कान मंसूरी, पिता- मोहम्मद कामिल** ने पिन नं. 1000442841 भवन क्रमांक 189 **वार्ड क्र. 59 वार्ड अशफाक उल्ला वार्ड,** भूमि- 764 व.फु., भूतल 764 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 764 व.फु. आर.सी.सी., द्वितीयतल 764 व.फु. आर.सी.सी., , **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक 189 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-16** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-16**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2025-26/ एम/15 जबलपुर दिनांक 24.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती लता सोनी, पति- श्री मनोहर लाल सोनी** ने मकान नं. ए- 2184 **वार्ड डॉ. राजेन्द्र प्रसाद** पिन नं. 1000409690, क्षेत्रफल 490 व.फु., भूतल 286 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 19 दिनांक 25.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती रीता पटेल, पति- श्री राजेश पटेल** ने मकान नं. ब्लाक नं. ए-2 सम्पत्ति पिन नं. 1000494367 **वार्ड मदन महल वार्ड** , क्षेत्रफल 363 व.फु., भूतल 320 व.फु., प्रथमतल 320 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 18 दिनांक 23.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती पूजा गुप्ता, पति- श्री दीपेन्द्र कुमार गुप्ता** ने मकान नं. 2036/बी-44/3 सम्पत्ति पिन नं. 1000496091 **वार्ड मदन महल वार्ड** , क्षेत्रफल 511 व.फु., भूतल 450 व.फु., प्रथमतल 450 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर**

**निविदा सूचना** (1 ST Call)

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | न.नि.ज./प्रकाश/ 2025-26/03/ पी.आर.ओ./67 दिनांक 24.04.2025 | Side lighting work at Diff Loc. in ward No. 79, Jabalpur | 03 माह एवं 392078/- | 2000 एवं 3921/- | 26.05.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री,( विद्युतीय ), नगर पालिक निगम जबलपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर, जबलपुर म.प्र.**

**निविदा सूचना**

N.I.T. NO./ PWD-16/PRO N0. 73 Date 25/04/ 2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | T.ID 2025_ UAD 419139_1 Date- 07/05/2025 | संभाग क्रं.- 16 शहीद अशफाक उल्ला खा वार्ड अंतर्गत नया पुल के पास टायलेट का निर्माण कार्य। (निगम मद) | 02 माह 02.88 लाख | 2000/- 2880/- | 21.05.2025 |
| 2 | T.ID 2025_ UAD 419139_2 Date- 07/05/2025 | संभाग क्रं.- 16 शहीद अशफाक उल्ला खा वार्ड अंतर्गत नया पुल के सामने स्थित नाला निर्माण कार्य। (निगम मद) | 02 माह 01.75 लाख | 2000/- 1750/- | 21.05.2025 |
| 3 | T.ID 2025_ UAD 419139_3 Date- 07/05/2025 | संभाग क्रं.- 16 शहीद अशफाक उल्ला खा वार्ड अंतर्गत मोतीनाला के पास पुरूष टॉयलेट का निर्माण कार्य। (निगम मद) | 02 माह 01.41 लाख | 2000/- 1410/- | 21.05.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://.mptenders.gov.in की बेवसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री , लोककर्म विभाग नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999